# RAJASTHAN FOUNDATION
KOLKATA

*celebrates*

# 'RAJASTHAN DIWAS'

*25$^{TH}$ March to 30$^{th}$ March, 2006*



राजस्थान फाउण्डेशन के कार्यक्रम में विमान बोस को सम्मानित करते हुए संदीप भुतोड़िया साथ में परिलक्षित हैं हरिमोहन बांगड़।

'सन्मार्ग' कोलकाता, मंगलवार, 4 अप्रैल, 2006





Actor Rituparna Sengupta (above) performed to folk songs at the Rajasthani Folk Dance and Song Extravaganza at GD Birla Sabhagar on Thursday. Mayor Bikash Bhattacharya addressed the audience at the show.

Sunday April 2, 2006
www.hindustantimes.com/htcity

## राजस्थान दिवस पर राजस्थान फाउंडेशन का कार्यक्रम सम्पन्न

# कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगेगी : मेयर



*राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'राजस्थान दिवस' कार्यक्रम के समापन दिन उद्घाटनकर्ता वाममोर्चा चेयरमैन श्री विमान बोस को 'हल्दीघाटी की मिट्टी का कलश' उपहार स्वरूप प्रदान करती हुई साहित्यकार डा. प्रभा खेतान। साथ में फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, सचिव संदीप भूतोड़िया एवं कार्यकारिणी सदस्य तिलोकचंद डागा। कार्यक्रम में भाषण देते हुए कोलकाता के मेयर विकासरंजन भट्टाचार्य। राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करती हुई अनुपर्णा सेनगुप्ता एवं गायन सुचन्द्रा।*

राजस्थान फाउंडेशन के द्वारा आयोजित राजस्थान दिवस के समारोह कार्यक्रमों की शृंखला में समापन दिवस जोड़ी [illegible] सभागार में एक [illegible] कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंगाल [illegible] की लोकप्रिय [illegible] अनुपर्णा सेनगुप्ता तथा गायिका सुचन्द्रा की जोड़ी ने ऐसा [illegible] की दर्शक मंत्रमुग्ध हो [illegible] कर उठे।

[illegible] आयोजन में सुचन्द्रा के गायन और अनुपर्णा का राजस्थानी नृत्य के इस अभिनव कार्यक्रम में वाममोर्चा के चेयरमैन श्री विमान [illegible] अपने व्यस्त समय में समय निकाल कर कार्यक्रम का उद्घाटन [illegible] पहुंचे। कोलकाता के मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य विशेष अतिथि [illegible] में कार्यक्रम में मौजूद थे। श्री [illegible] बोस ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि बंगाल तथा राजस्थान का संबंध बहुत पुराना है। यह संबंध दो से तीन सौ साल चला आ रहा है। राजस्थानियों का बंगाल के विकास में विशेष योगदान है तथा इस संबंध को और भी मजबूत करने की जरूरत है। उन्हें हल्दीघाटी से विशेष तौर पर लाई गई पीली मिट्टी का कलश प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य के हल्दीघाटी की मिट्टी से भरे कलश प्रदान करते समय उन्होंने कहा कि हल्दीघाटी की मिट्टी को देखकर आयोजकों ने एक गुरुतर भार मुझ पर सौंपा है। महाराणा प्रताप का सम्मान करते हुए कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ मूर्ति स्थापित करने से ही उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं हुआ जा सकता बल्कि उसकी उचित देखभाल भी आवश्यक है, जिसमें उनका सम्मान हो। महाराणा प्रताप के अविस्मरणीय घोड़े 'चेतक' का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 'सामने मौत को देखते हुए भी महाराणा प्रताप को लेकर वह घोड़ा मौत की चाह में आगे और आगे बढ़ता चला गया। यह हमें सीख देता है कि महाराणा प्रताप को भांति सर उठाकर जीओ।' मूर्ति हेतु स्थान को चिन्हित कर मूर्ति को शीघ्र ही स्थापित करने का उन्होंने आश्वासन दिया।


कार्यक्रम में गायिका सुचन्द्रा ने कई राजस्थानी लोक गीत के अलावा राजस्थान से जुड़े फिल्मी गीतों का गायन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। अपनी सुरीली आवाज में 'धरती धोरा री' की गूंज के साथ हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से भर गया।

लोकप्रिय अभिनेत्री अनुपर्णा सेनगुप्ता तथा उनके दल ने राजस्थानी लोक नृत्य तथा घूमर का अभिनव तथा नयनाभिराम प्रस्तुति दी। 'पल्लो लटके रे' की धुन और अनुपर्णा के नृत्य ने सरवर की चांदनी रात में बालू के चमकते कणों की ठंडक एवं राजस्थान की सुगंध से सभागार भर गया। नृत्य संयोजन, प्रकाश व्यवस्था का अद्भुत संयोजन किया गया था।

इस समारोह के संचालन के लिए आल इंडिया रेडियो के राजस्थानी भाषा के शीर्ष संयोजक श्री दीपक जोशी विशेष तौर पर कोलकाता आए थे। उनके संयोजन ने दर्शकों को बांधे रखा। दर्शकों में बांग्लादेश डिप्टी हाई कमिशन से उप-राजदूत मुहम्मद इमरान, इटली के उप-राजदूत श्री अर्जेन्तिनो पिया, जर्मनी के श्री गुंटर विर्मैन के अलावा मोती सुरेका, हरिप्रसाद बुधिया, दीपचंद नाहटा, डा. प्रभा खेतान, प्रह्लाद राय अग्रवाल, तिलोकचंद डागा, संजय बुधिया, बालकृष्ण डालमिया, चंद्रप्रकाश भानुका, सिद्धार्थ रामपुरिया, कुंजबिहारी अग्रवाल के अलावा महानगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया। सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने श्री विमान एवं मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर तथा डा. प्रभा खेतान ने हल्दीघाटी की मिट्टी से भरा कलश देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री विमान बोस एवं मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य को महाराणा प्रताप की अश्वारोही मूर्ति के रूप में स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया।

छपते छपते, कोलकाता, रविवार, 2 अप्रैल-2006



( बायें ) राजस्थान फाउंडेशन द्वारा राजस्थान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की शृंखला के अंतिम दिन जी.डी. बिड़ला सभागार में हुए समारोह में मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य का स्वागत करते हुए डा. प्रभा खेतान बीच में फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भुतोड़िया ( दायें ) ऋतुपर्णा सेनगुप्ता राजस्थानी नृत्य की एक भाव मुद्रा में।

फोटो : छपते छपते

छपते छपते, कोलकाता, रविवार, 16 अप्रैल-2006



*राजस्थान फाउंडेशन द्वारा 'राजस्थान दिवस' के अवसर पर आयोजित सप्ताहव्यापी कार्यक्रम के अंतिम दिन उद्घाटनकर्ता वाममोर्चा के चेयरमैन श्री विमान बोस को 'हल्दी[illegible]टी की मि[illegible] का कलश' भेंट करती हुई साहित्यकार डा. प्रभा खेतान। साथ में हैं फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, सचिव संदीप भूतोड़िया व कार्यकारिणी सदस्य तिलोक चंद [illegible]ागा। दूस[illegible] तरफ अपने कोकिल कंठ से संगीत का जादू बिखेरती हुई सुचन्द्रा एवं अभिनव नृत्य प्रस्तुत करती हुई ऋतुपर्णा सेनगुप्ता। - विश्वमित्र*

# कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगेगी : मेयर

## राजस्थान फाउण्डेशन के सप्ताहव्यापी कार्यक्रम का समापन

कोलकाता, ३१ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउण्डेशन के द्वारा आयोजित राजस्थान दिवस के सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की शृंखला में समापन दिवस जी.डी. बिरला सभागार में एक यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंगला फिल्म की लोकप्रिय अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता तथा गायिका सुचन्द्रा की जोड़ी ने ऐसा समां बांधा की दर्शक मंत्रमुग्ध हो वाह-वाह कर उठे।

इस रंगारंग आयोजन में सुचन्द्रा के गायन और ऋतुपर्णा का राजस्थानी लोकनृत्य के इस अभिनव कार्यक्रम में वाममोर्चा के चेयरमैन श्री विमान बोस अपने व्यस्त समय में समय निकाल कर कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे। कोलकाता के मेयर श्री विकास रंजन भट्टाचार्य विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद थे। श्री विमान बोस ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि, बंगाल तथा राजस्थान का संबंध बहुत पुराना है। यह संबंध दो से तीन सौ साल चला आ रहा है। राजस्थानियों का बंगाल के विकास में विशेष योगदान है तथा इस संबंध को और भी मजबूत करने की जरूरत है। उन्हें हल्दीघाटी से विशेष तौर पर लाई गई पीली मिट्टी का कलश प्रदान कर सम्मानित किया गया।



*भाषण देते हुए मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य। -विश्वमित्र*

मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य को हल्दीघाटी की मिट्टी से भरे कलश प्रदान करते समय उन्होंने कहा, कि 'हल्दीघाटी की मिट्टी को देकर आपलोगों ने एक गुरुतर भार मुझ पर सौंपा है। महाराणा प्रताप का सम्मान करते हुए कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ मूर्ति स्थापित करने से ही उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं हुआ जा सकता बल्कि उसकी उचित देखभाल भी आवश्यक है, जिससे उनका सम्मान हो। घोड़े 'चेतक' का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 'सामने मौत को देखते हुए भी महाराणा प्रताप को लेकर वह घोड़ा जीत की चाह में आगे और आगे बढ़ता चला गया। वह हमें सीख देता है कि महाराणा प्रताप की भांति सर उठाके जीओ।' मूर्ति हेतु स्थान को चिन्हित कर मूर्ति को शीघ्र ही स्थापित करने का उन्होंने आश्वासन दिया। कार्यक्रम में गायिका सुचन्द्रा ने कई राजस्थानी लोकगीत के अलावा राजस्थान से जुड़े फिल्मी गीतों का गायन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। अपनी सुरीली आवाज में 'धरती धोरां री' की गूंज के साथ हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से भर गया।

लोकप्रिय अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता तथा उनके दल ने राजस्थानी लोक नृत्य तथा घूमर का अभिनव तथा नयनाभिराम प्रस्तुति दी। 'पल्लो लटके रे' की धुन और ऋतुपर्णा के नृत्य ने मरुधर की चांदनी रात में बालू के चमकते कणों की ठंडक एवं राजस्थान की सुगंध से सभागार भर गया। नृत्य संयोजन, प्रकाश व्यवस्था का अद्भुत संयोजन किया गया था।

इस समारोह के संचालन के लिए आज ऑल इंडिया रेडियो के राजस्थानी भाषा भाषा के शीर्ष संयोजक श्री दीपक जोशी विशेष तौर पर कोलकाता आए थे। उनके संयोजन ने दर्शकों को बांधे रखा।

दर्शकों में बंगलादेश डिप्टी हाई कमिशन से उप-राजदूत मुहम्मद इमरान, इटली के उप-राजदूत श्री अगस्तिनो मिन्ना, जर्मनी के श्री गुंटर विहमैन के अलावा बी.डी. सुरेका, हरिप्रसाद बुधिया, दीपचंद नाहटा, डॉ. प्रभा खेतान, प्रह्लाद राय अग्रवाल, तिलोकचंद डागा, संजय बुधिया, बालकृष्ण डालमिया, चंद्रप्रकाश धानुका, सिद्धार्थ रामपुरिया, सीताराम शर्मा, शिवकुमार झुनझुनवाला, सुशील डांडनिया, काशी प्रसाद खेड़िया, कुंजबिहारी अग्रवाल के अलावा महानगर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने अतिथियों एवं कलाकारों का स्वागत किया। सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने श्री विमान बोस एवं मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर तथा डॉ. प्रभा खेतान ने हल्दीघाटी की मिट्टी से भरा कलश देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री विमान बोस एवं मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य को महाराणा प्रताप की अश्वारोही मूर्ति के रूप में स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

कोलकाता, १ अप्रैल २००६
दैनिक विश्वमित्र





(From top) Biman Bose, HM Bangur and Prabha Khaitan; Bikash Ranjan Bhattacharya


# A date with the sands



Suchandra

Rituparna

The Rajasthanis in Kolkata had a blast this Thursday. At GD Birla Sabhaghar, almost the entire community gathered to celebrate this year's Rajasthan Diwas. The closing ceremony saw the dance performance of actor Rituparna as well as the performance by eminent singer Suchandra. And even in this hectic schedule left front chairman and newly appointed CPIM state secretary Biman Bose didn't miss the opportunity to wear the turban and receive the sacred soil of Haldighati. We spotted almost all the Who's Who of Kolkata including HM Bangur, president, Sundeep Bhutoria, secretary of Rajasthan Foundation, Kolkata and other top-level cops, honorary consul generals like BK Dalmia and Sanjay Budhia. And the most exciting news came from the mayor of Kolkata. Bikash Ranjan Bhattacharya announced that his department is now looking for a suitable place for a statue of Maharana Pratap. Incidentally, Rajasthan Foundation, Kolkata, the organiser of this celebration, made this request to KMC and mayor has confirmed that the Rajasthanis will get this statue soon. "In this mobile and Internet age, when even the hairs of children are being sent by couriers and postal mails (Jhudla ceremony) to their gods, this week-long celebration was an attempt on our part to give a taste of the rich culture of Rajasthan to the younger generation who lost touch with their native state," said Sundeep Bhutoria, secretary of the foundation.



Sundeep

# महानगर में लगेगी महाराणा प्रताप की मूर्ति : मेयर



समारोह को संबोधित करते मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य.

कोलकाता, 31 मार्च : राजस्थान दिवस के अवसर पर राजस्थान फाउंडेशन ने सप्ताह व्यापी कार्यक्रम का आयोजन किया. बीडी बिरला सभागार में आयोजित समापन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम पेश किये गये. बांग्ला फिल्म अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता व गायिका सुचंद्रा की जोड़ी ने ऐसी शमा बांधी की दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये. इस कार्यक्रम का उद्घाटन वाममोर्चा के चेयरमैन विमान बोस ने किया. कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित थे. इस मौके पर विमान बोस ने कहा कि बंगाल तथा राजस्थान का संबंध बहुत पुराना है. यह संबंध दो से तीन सौ साल से चला आ रहा है. राजस्थान के लोगों का बंगाल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है. इस संबंध को और भी मजबूत करने की जरूरत है. कार्यक्रम के दौरान श्री बोस को हल्दी घाटी से विशेष तौर पर लायी गयी पीली मिट्टी का कलश प्रदान कर सम्मानित किया गया. मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य को हल्दीघाटी की मिट्टी से भरा कलश प्रदान किया गया. मेयर ने कहा कि हल्दीघाटी की मिट्टी को देकर आप लोगों ने एक गुरतर भार मुझ पर सौंपा है. महाराणा प्रताप का सम्मान करते हुए कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की जायेगी. सिर्फ मूर्ति स्थापित करने से ही उत्तरदायित्व से मुक्त नहीं हुआ जा सकता. उसकी उचित देखभाल भी आवश्यक है, जिससे उनका सम्मान हो. महाराणा प्रताप के अविस्मरणीय घोड़े 'चेतक' का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि सामने मौत को देख कर भी महाराणा प्रताप को लेकर वह घोड़ा जीत की चाह में आगे और आगे बढ़ता चला गया. यह हमें सीख देता है कि महाराणा प्रताप की भांति सर उठा कर जियो. मूर्ति हेतु स्थान को चिह्नित कर मूर्ति को शीघ्र ही स्थापित किया जायेगा. अभिनेत्री ऋतुपर्णो सेनगुप्ता ने साथी कलाकारों के साथ राजस्थानी लोकनृत्य प्रस्तुत किया. गायिका सुचंद्रा ने धरती धोरा री की गूंज के साथ हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा. कार्यक्रम में आल इंडिया रेडियो के राजस्थानी भाषा के संयोजक दीपक जोशी भी मौजूद थे. श्री जोशी के संयोजन ने कार्यक्रम के दौरान दर्शकों को बांध रखा. राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने अतिथियों व कलाकारों का स्वागत किया. सचिव संदीप भूतोड़िया ने विमान बोस व मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया. डॉ प्रभा खेतान ने हल्दीघाटी की मिट्टी से भरा कलश भेंट किया. साथ ही दोनों नेताओं को महाराणा प्रताप की अश्वारोही मूर्ति के रूप में स्मृति चिह्न प्रदान किया गया. इस अवसर पर बांग्लादेश डिप्टी हाई कमीशन के उप राजदूत मुहम्मद इमरान, इटली के उप राजदूत अगस्तिनो पित्रा, जर्मनी के गुंटर विलमैन, बीडी सुरेका, हरिप्रसाद बुधिया, दीपचंद नाहटा, प्रहलाद राय अग्रवाल, तिलोकचंद डागा, संजय बुधिया, बालकृष्ण डालमिया, चंद्रप्रकाश धानुका, सिद्धार्थ रामपुरिया, कुंजबिहारी अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

प्रभात खबर | शनिवार, 1 अप्रैल, 2006

## शहर में लगेगी महाराणा प्रताप की मूर्ति

कोलकाता, ३१ मार्च (जनसत्ता)। कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य का कहना है कि कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगेगी। राजस्थान फाउंडेशन की ओर से आयोजित राजस्थान दिवस सप्ताह के समापन कार्यक्रम में मेयर ने यह विचार प्रकट किए। इस मौके पर विमान बसु ने कहा कि बंगाल तथा राजस्थान का संबंध बहुत पुराना है। यह संबंध कोई तीन सौ साल से जारी है। राजस्थान के लोगों का बंगाल के विकास में विशेष योगदान है। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

जनसत्ता, कोलकाता, १ अप्रैल २००६

## कोलकाता में महाराणा प्रताप की मूर्ति लगेगी : मेयर

कोलकाता, 31 मार्च (न.प्र)। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित राजस्थान दिवस के सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों को शृंखला के समापन दिवस को जीडी बिड़ला सभागार में एक यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंगला फिल्मों की लोकप्रिय अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता और गायिका सुचन्द्रा की जोड़ी ने ऐसा समां बांधा को दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम का उद्घाटन वाममोर्चा के चेयरमैन विमान बोस ने किया। इस मौके पर कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। हल्दीघाटी की मिट्टी से भरे कलश को लेते हुए विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि हल्दीघाटी की मिट्टी को देकर मुझ पर एक जिम्मेदारी सौंपी गयी है। महाराणा प्रताप के सम्मान में कोलकाता में उनकी मूर्ति स्थापित की जाएगी। कार्यक्रम में गायिका सुचन्द्रा ने कई राजस्थानी लोक गीतों के अलावा राजस्थान से जुड़े फिल्मी गीतों का गायन कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। दर्शकों में बंगलादेश के डिप्टी हाई कमिशन के उप-राजदूत मुहम्मद इमरान, इटली के उप-राजदूत अगस्तिनो पिन्ना, जर्मनी के गुंटर विहमैन के अलावा जोडी सुरेका, हरिप्रसाद बुधिया, दीपचंद नाहटा सहित महानगर के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ तथा सचिव संदीप भूतोड़िया ने अतिथियों का स्वागत किया।

'सन्मार्ग' कोलकाता, शनिवार, 1 अप्रैल 2006

# SAND TUNES



Actress Rituparna Sengupta in traditional gear joins dancers on stage at a function to mark Rajasthan Diwas at GD Birla Sabhagar on Thursday evening. Picture by Amit Datta

राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता
Rajasthan Foundation, Kolkata
(An autonomous body instituted by Govt. of Rajasthan)

## राजस्थान दिवस कार्यक्रमों का प्रसारण

राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता द्वारा
राजस्थान दिवस पर आयोजित सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों
का प्रसारण आज राजस्थान दिवस से प्रत्येक दिन

**सुप्रभात मीडिया द्वारा**

चैनेल विजन पर प्रात: 7 से 7.30 बजे तक एवं
सृष्टि चैनल पर प्रात: 7.30 से 8 बजे तक किया जायेगा।

दैनिक विश्वमित्र कोलकाता, ३१ मार्च, २००६





Left Front chairman Biman Bose speaks at a function organised by the Rajasthan Foundation to felicitate him on Thursday. (Right) Tollywood actress Rituparna Sengupta performs at the programme.

The Times of India, Kolkata
Friday, March 31, 2006



राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर की ओर से जी डी बिड़ला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत कर रहीं अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्त। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वाम मोर्चा के चेयरमैन विमान बोस ने किया।

# संसद में उठेगी राजस्थानी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

कोलकाता, 30 मार्च (न.प्र.)। आज राजस्थान दिवस पर राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये संसद में आवाज उठाने तथा इसके लिये पूरी जागरूकता से एक जनमत तैयार करने की कोशिश करने का सुखद आश्वासन सांसद मोहम्मद सलीम की तरफ से कोलकाता में रह रहे राजस्थानी प्रवासियों को मिला। राजस्थानी प्रचारिणी सभा और राजस्थान सूचना केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आज राजस्थान दिवस पर बोलते हुए सलीम ने बताया कि उन्होंने राजस्थानी भाषा को उसका उचित अधिकार दिलवाने तथा इसके समृद्ध सांस्कृतिक पक्ष पर लोक सभा स्पीकर सोमनाथ चटर्जी से भी चर्चा की है। उन्होंने कहा कि राजस्थानी को मान्यता दिलाये जाने की दिशा में मैं हर सम्भव कोशिश जारी रखूंगा।

गौरतलब है कि आज से 57 वर्ष पूर्व आज ही के दिन तत्कालीन राजपूताना की रियासतों को एकीकृत कर बने प्रदेश राजस्थान की स्थापना की याद में हर वर्ष राजस्थान दिवस के पालन की परम्परा रही है। महानगर में आज कई संगठनों ने राजस्थान दिवस पालित करते हुए अनेक सांस्कृतिक और सामाजिक अनुष्ठानों का आयोजन किया था। प्रचारिणी सभा द्वारा आज राजस्थान दिवस के पालन के अलावा देश के अमर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की शहादत की 75 वीं सालगिरह के रूप में भी याद किया गया। सांसद सलीम ने अपने संक्षिप्त अभिभाषण में कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बंगाल के क्रान्तिकारियों को राजस्थान के स्वतंत्रता प्रेमी रजवाड़ों और जमींदारों से आर्थिक और दूसरी तरह की मदद मिलती थी और राजस्थान बंगाल के क्रान्तिकारियों के छिपने की एक महत्वपूर्ण जगह रही है। उन्होंने स्वाधीनता आन्दोलन में राजस्थान के योगदान को अनुसंधान के जरिये इतिहास की किताबों से बाहर निकाल कर प्रचारित करने की सलाह दी। राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और लोक कलाओं को समृद्ध और जीवंत बताते हुए उन्होंने कहा कि मेरा राजस्थान और राजस्थानी समाज के साथ विशेष जुड़ाव रहा है। इस अवसर पर पत्रकार ओमप्रकाश अश्क ने भी राजस्थान के सांस्कृतिक और सामाजिक अवदानों का जिक्र किया।

राजस्थान दिवस के आयोजन अवसर पर प्रह्लाद राय अग्रवाल, सभा के अध्यक्ष रतन शाह, प्रमोद शाह, राजस्थान सूचना केन्द्र के प्रभारी जयदीप भट्टाचार्य सहित कई विशिष्ट लोग उपस्थित रहे।

सन्मार्ग, कोलकाता, शुक्रवार, 31 मार्च, 2006



राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रम में विमान बोस को सम्मानित करते संदीप भूतोड़िया. साथ में हैं हरिमोहन बांगड़.





समारोह में राजस्थानी नृत्य पेश करतीं टॉलीवुड की अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्त.

प्रभात खबर शुक्रवार, 31 मार्च, 2006

# आजादी के दीवानों की पसंद है राजस्थान : सलीम




समारोह में सम्मानित होने के बाद सांसद मो सलीम.



समारोह में मौजूद अतिथि. तसवीर अदिति साहा की.

**कोलकाता, 30 मार्च :** स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा देने व संग्रामियों को पनाह देने के लिए राजस्थान का इतिहास स्वर्ण अक्षरों में कलमबद्ध रहेगा. उक्त बातें आज सांसद मो सलीम ने कहीं. वह आज राजस्थानी प्रचारिणी सभा व राजस्थानी सूचना केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान दिवस को शहादत दिवस की 75 वीं सालगिरह के रूप में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि संयोग की बात है कि इस वर्ष राजस्थान सूचना केंद्र द्वारा भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत की 75वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है. इसी वर्ष चंद्रशेखर आजाद की 75वीं शहादत व जयंती शताब्दि वर्ष भी है. उन्होंने राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में दर्ज कराने की हर कोशिश का समर्थन किया. श्री सलीम ने कहा कि भगत सिंह की शहादत की 75वीं सालगिरह पर पश्चिम बंगाल के 75 जगहों से 75 युवकों ने रक्तदान का निर्णय कर राष्ट्रीय एकता का परिचय दिया है. उन्होंने कहा कि अगले वर्ष 1857 की सिपाही विद्रोह की 150वीं वर्षगांठ को केंद्र सरकार ने महोत्सवपूर्वक मनाने का निर्णय लिया है. इसकी तैयारी भी चल रही है. मौके पर कैलाश चोखानी ने कहा कि सन् 1905 से 1915 तक के संग्रामी आंदोलन का सूत्रपात राजस्थान में ही हुआ था. इस अवसर पर पर मुख्य वक्ता के रूप में **प्रभात खबर** के स्थानीय संपादक ओमप्रकाश अश्क के अलावा रतन शाह, प्रमोद शाह, राजगोपाल सुरेका, प्रमोद मोदी, जयदीप भट्टाचार्य आदि ने भी अपने विचार रखे. मौके पर इंडिया एक्सचेंज सरणी का नाम महाराणा प्रताप सरणी रखे जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी. महाराणा प्रताप के आदमकद प्रतिमा महानगर के किसी प्रसिद्ध चौराहे पर लगाने की मांग भी की गयी. इस मौके पर उद्योगपति प्रह्लाद राय अग्रवाल को सम्मानित किया गया. व सांसद मो सलीम को प्रतिक चिह्न भेंट की गयी.

13

# विमान बोस का सचिव बनना तय



कोलकाता, 30 मार्च (न. प्र.)। माकपा के दिवंगत नेता तथा राज्य कमेटी के सचिव अनिल विश्वास के उत्तराधिकारी का चुनाव कल यानी शुक्रवार को औपचारिक रूप से होगा लेकिन वाम मोर्चा के चेयरमैन विमान बोस का माकपा का नया राज्य सचिव चुना जाना लगभग तय है। कल सुबह लगभग 10.30 बजे माकपा की राज्य सचिव मंडल की बैठक बुलायी गयी है, जिसमें नया राज्य सचिव चुना जायेगा। राजनीतिक समीक्षकों के अनुसार विमान बोस को नया सचिव चुना जाना लगभग तय है।

'सन्मार्ग' कोलकाता, शुक्रवार, 31 मार्च, 2006

# आज राजस्थान दिवस समारोह का समापन

## विमान बोस व मेयर उपस्थित रहेंगे

कोलकाता, 29 मार्च। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की शृंखला में आज शाम जी.डी. बिरला सभागार में राजस्थान दिवस के अवसर पर एक राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि 'धरती धोरां री' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में बांग्ला फिल्म की विख्यात अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता पहली बार राजस्थानी गानों पर अपने दल के साथ नृत्य पेश करेंगी। राजस्थानी गानों को अपनी आवाज देंगी गायिका सुचन्द्रा। जी डी बिरला सभागार में कल शाम को आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि वाममोर्चा के चेयरमैन श्री विमान बोस तथा मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य विशेष अतिथि के रूप में राजस्थानी समाज के बीच कोलकाता के प्रथम नागरिक के रूप में इन्हें राजस्थान दिवस पर बधाई देंगे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान फाउंडेशन का सप्ताह व्यापी चले इस कार्यक्रम में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था कोलकाता चेप्टर के कार्यसमिति के सदस्य श्री तिलोकचंद डागा ने बताया, सप्ताह व्यापी चले राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों को सुप्रभात मीडिया द्वारा टीवी चैनल विजन 7 बजे से 7.30 बजे तक तथा चैनल सृष्टि पर 7.30 से 8.00 बजे तक एक घंटा कार्यक्रमों को प्रसारित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में महानगर की सुपरिचित सांस्कृतिक संस्था अनामिका कला संगम व संस्कृति सागर ने सह-आयोजक की भूमिका को अदा करते हुए अपने सदस्यों को आमंत्रण पत्र वितरित कराएं हैं। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चेप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने कहा कि 24 मार्च से चले सभी कार्यक्रमों का आयोजन बेहद सफल रहा तथा सम्मान समारोह जो कि 28 मार्च को आयोजित होना था, श्री अनिल विश्वास के असामयिक निधन के कारण इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था अब इसे चुनाव के बाद उपयुक्त तिथि को आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह के संचालन के लिए आज ऑल इंडिया रेडियो के राजस्थानी भाषा के शीर्ष आयोजक श्री दीपक जोशी कोलकाता आ चुके हैं। राजस्थानी नृत्य एवं गीत की संध्या का संयोजन श्री जोशी ही करेंगे।

कोलकाता, गुरुवार, 30 मार्च, 2006

# राजस्थान फाउंडेशन के समापन समारोह में विमान बोस व मेयर उपस्थित रहेंगे

कोलकाता, 29 मार्च (वि)। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता की ओर से सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज शाम जीडी बिरला सभागार में राजस्थान दिवस के अवसर पर एक राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि, 'धरती धोरां री' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में बंगला फिल्म की विख्यात अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता पहली बार राजस्थानी गानों पर अपने समूह के साथ नृत्य पेश करेंगी।

राजस्थानी गानों को अपनी आवाज देंगी गायिका सुचन्द्रा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वाममोर्चा के चेयरमेन विमान बोस रहेंगे तथा कोलकाता के मेयर विकासरंजन भट्टाचार्य विशेष अतिथि के रूप में राजस्थानी समाज के बीच कोलकाता के प्रथम नागरिक होने के कारण इन्हें राजस्थान दिवस पर बधाई देंगे। कोलकाता चेप्टर के कार्यसमिति के सदस्य त्रिलोकचंद डागा ने बताया, 'सप्ताह व्यापी चले राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों को टीवी चैनल 'चैनल विजन' पर 7 बजे से 7.30 बजे तक तथा चैनल सृष्टि पर 7.30 से 8 बजे तक एक घंटा कार्यक्रमों को प्रसारित किया जाएगा।'

राजस्थान पत्रिका | कोलकाता गुरुवार | 30 मार्च, 2006

# राजस्थान दिवस समारोह का समापन आज

**कोलकाता, 29 मार्च :** राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों की शृंखला में कल शाम जीडी बिरला सभागार में राजस्थान दिवस के अवसर पर एक राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा. राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि 'धरती धोरां री' नामक इस कार्यक्रम में बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता पहली बार राजस्थानी गानों पर अपने दल के साथ नृत्य पेश करेंगी. राजस्थानी गानों को अपनी आवाज देंगी गायिका सुचंद्रा. जीडी बिरला सभागार में कल शाम आयोजित होनेवाले इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर [illegible] के चेयरमैन विमान बोस, कोलकाता नगर निगम के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य विशेष अतिथि के तौर पर राजस्थानी समाज के बीच कोलकाता के प्रथम नागरिक होने के कारण इन्हें राजस्थान दिवस पर बधाई देंगे. उल्लेखनीय है कि राजस्थान फाउंडेशन का सप्ताहव्यापी चले इस कार्यक्रम में कई समारोह हुए. कोलकाता चैप्टर के कार्यसमिति के सदस्य त्रिलोकचंद डागा ने बताया कि सप्ताहव्यापी चले राजस्थान दिवस के कार्यक्रम को सुप्रभात मीडिया टीवी नैनाल विजन पर दिखा जायेगा. सांस्कृतिक संस्था अनामिका कला संगम व संस्कृति सागर ने सह आयोजक की भूमिका अदा की है. राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने कहा कि 24 मार्च से चले सभी कार्यक्रमों का आयोजन काफी सफल रहा. 27 मार्च को जो समापन समारोह आयोजित होना था, उसे अनिल विश्वास के निधन को देखते हुए स्थगित कर दिया गया. अब यह चुनाव के बाद आयोजित होगी. संचालन दीपक जोशी करेंगे. राजस्थानी नृत्य व गीत की संध्या का संयोजन श्री जोशी ही करेंगे.

**राजस्थान दिवस पर आज संगोष्ठी :** राजस्थान दिवस के अवसर पर कल एक संगोष्ठी आयोजित होगी. इस अवसर पर 'प्रभात खबर' के स्थानीय संपादक ओमप्रकाश अश्क व पत्रकार तारकेश्वर मिश्र अपने विचार रखेंगे. मौके पर राजस्थानी संस्कृति के प्रचार, प्रसार के लिए किये गये सराहनीय कार्यों के लिए साल्टलेक लोक संस्कृति संस्था को सम्मानित किया जायेगा. यह सम्मान उद्योपति प्रहलाद राय अग्रवाल प्रदान करेंगे. मुख्य अतिथि सांसद मो सलीम होंगे. कार्यक्रम का राजस्थान सूचना केंद्र में अपराह्न 3.30 बजे से होगा.

## राजस्थान दिवस पर कार्यक्रम

**कोलकाता :** राजस्थान परिषद द्वारा कल अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मोहनलाल तुलस्यान की अध्यक्षता में राजस्थान दिवस समारोह पूर्वक मनाया जायेगा. 57 वर्ष पूर्व विक्रम संवत के नववर्ष के दिन ही राजस्थान की विभिन्न रियासतों का एकीकरण होकर राजस्थान राज्य का गठन हुआ था. परिषद के महामंत्री अरुण प्रकाश मल्लावत ने बताया कि समरोह में परिषद द्वारा प्रकाशित महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया की प्रथम 10 हिंदी पुस्तकों को समाविष्ट करता हुआ ग्रंथ का भी लोकार्पण किया जायेगा.

प्रभात खबर गुरुवार, 30 मार्च, 2006

# राजस्थान दिवस समारोह का समापन आज

## विमान बोस व मेयर शामिल होंगे



कोलकाता, २९ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की शृंखला में आज शाम जी.डी. बिड़ला सभागार में राजस्थान दिवस के अवसर पर एक राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता के सचिव श्री संदीप भुतोड़िया ने बताया कि 'धरती धोरां री' नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में बंगला फिल्म की विख्यात अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता पहली



बार राजस्थानी गानों पर अपने दल के साथ नृत्य पेश करेंगी। राजस्थानी गानों को अपनी आवाज देंगी गायिका सुचन्द्रा। जीडी बिड़ला सभागार में आज शाम को आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर वाममोर्चा के चेयरमैन श्री विमान बोस रहेंगे तथा कोलकाता के मेयर श्री विकासरंजन भट्टाचार्य विशेष अतिथि के रूप में राजस्थानी समाज के बीच कोलकाता के प्रथम नागरिक होने के कारण इन्हें राजस्थान दिवस पर बधाई देंगे।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान फाउन्डेशन का सप्ताह व्यापी चले इस कार्यक्रम में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।



कोलकाता चेप्टर के कार्यसमिति के सदस्य श्री त्रिलोकचंद डागा ने बताया, सप्ताह व्यापी चले राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों को सुप्रभात मीडिया द्वारा टीवी चैनल विजन ७ बजे से ७.३० बजे तक तथा चैनल सृष्टि पर ७.३० से ८.०० बजे तक एक घंटा कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा। आज के कार्यक्रम को देखने की लोगों में उत्सुकता के कारण हॉल में भारी भीड़ होने की संभावना के मद्देनजर कोलकाता पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा तथा यातायात हेतु पुख्ता इंतजाम किया



है।

इस कार्यक्रम में महानगर की सुपरिचित सांस्कृतिक संस्था अनामिका कला संगम व संस्कृति सागर ने सह-आयोजक की भूमिका को अदा करते हुए अपने सदस्यों को आमंत्रण पत्र वितरित कराए हैं। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता चेप्टर के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने कहा कि २४ मार्च से चले सभी कार्यक्रमों का आयोजन बेहद सफल रहा तथा सम्मान समारोह जो कि २७ मार्च का आयोजित होना था, श्री अनिल विश्वास के असामयिक निधन के कारण इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था अब इसे चुनाव के बाद उपयुक्त तिथि को आयोजित किया जायेगा। इस समारोह के संचालन के लिए आज ऑल इंडिया रेडियो के राजस्थानी भाषा के शीर्ष संयोजक श्री दीपक जोशी कोलकाता आ चुके हैं। राजस्थानी नृत्य एवं गीत की संध्या का संयोजन श्री जोशी ही करेंगे।

कोलकाता, ३० मार्च २००६ **दैनिक विश्वमित्र**

## On stage

■ Rajasthani folk dance & song extravaganza by Rituparna Sengupta and Suchandra, for Rajasthan Diwas, at GD Birla Sabhagar, 7 pm.
■ Rangakarmee will present *Rudali*, directed by Usha Ganguli, at EZCC, 6 pm.
■ Shinjan Nrityalaya will present *Shakti*, at Kala Mandir, 7 pm.
■ Heritage concert featuring Bikram Ghosh & Rahul Sharma at Prinsep Monument, 7 pm.

METRO THE TELEGRAPH CALCUTTA THURSDAY 30 MARCH 2006

# राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रमों का समापन आज

कोलकाता, 29 मार्च (न.प्र.)। राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चेप्टर द्वारा राजस्थान दिवस के अवसर पर जीडी बिड़ला सभागार में सप्ताह भर से चल रहे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनुष्ठानिक समापन कल होगा। धरती धोरां री नाम से आयोजित कार्यक्रम में बंगला फिल्म अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्त राजस्थानी गीतों पर अपना नृत्य पेश करते हुए दो प्रभावशाली संस्कृतियों के संगम का अहसास करायेंगी, वहीं मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य तथा वाम मोर्चा के चेयरमैन विमान बोस समापन समारोह में उपस्थित होकर कोलकाता में रह रहे प्रवासी राजस्थानी नागरिकों को बधाई संदेश देंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ तथा सचिव संदीप भूतोड़िया ने जानकारी दी कि कार्यक्रमों के दौरान आयोजित होने वाले सम्मान समारोह को माकपा के राज्य सचिव अनिल विश्वास की मृत्यु के कारण स्थगित कर दिया गया है। सम्मान समारोह अब चुनाव के बाद आयोजित होगा।

'सन्मार्ग' कोलकाता, गुरुवार, 30 मार्च 2006

# राजस्थान फाउंडेशन की मेहंदी प्रतियोगिता

**कोलकाता, 28 मार्च :** राजस्थान फाउंडेशन के सप्ताहव्यापी राजस्थान दिवस के दौरान आज कोलकाता, साल्टलेक व हावड़ा के विभिन्न जगहों पर सुबह मेहंदी प्रतियोगिता हुई. प्रतियोगिता में 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. मेहंदी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली की सदस्य राजश्री विहानी ने बताया कि हाथ व पैर की सर्वश्रेष्ठ मेहंदी के दो-दो विजेता चुने गये.



राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान की पारंपरिक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार इतना व्यापक पैमाने पर हुआ है. फाउंडेशन के सचिव संदीप भुतोड़िया ने बताया कि इन विजेताओं को समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा. प्रमाणपत्र भी दिये जायेंगे. फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि कल फाउंडेशन द्वारा राजस्थान की पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन होगा.

प्रभात खबर
बुधवार, 29 मार्च, 2006

## राजस्थान फाउंडेशन की मेंहदी प्रतियोगिता

कोलकाता, 28 मार्च। राजस्थान फाउंडेशन की सप्ताह व्यापी राजस्थान दिवस समारोह के दौरान आज कोलकाता, साल्टलेक, हावड़ा अंचल के विभिन्न जगहों पर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तकरीबन 350 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।

मेंहदी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली की सदस्या श्रीमती राजश्री बिहानी ने बताया कि 'हाथ की सर्वश्रेष्ठ मेंहदी एवं पांव की सर्वश्रेष्ठ मेंहदी के दो-दो विजेता चुने गए।' राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान की पारंपरिक मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन महानगर के बृहत्तर भागों में पहली बार इस पैमाने पर आयोजित हुआ। फाउंडेशन के सचिव संदीप भुतोड़िया ने बताया कि इन विजेताओं को समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा एवं सभी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र भी फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाएगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि कल फाउंडेशन द्वारा राजस्थान की पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

छपते छपते, कोलकाता, बुधवार, 29 मार्च 2006

## मेंहदी प्रतियोगिता

कोलकाता, २८ मार्च (जनसत्ता)। राजस्थान फाउंडेशन की सप्ताहव्यापी 'राजस्थान दिवस' के दौरान मंगलवार को कोलकाता, साल्टलेक व हावड़ा इलाके के विभिन्न जगहों पर 'मेंहदी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तकरीबन ३५० प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया।

मेंहदी प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली की सदस्या राजश्री बिहानी ने बताया कि हाथ की सर्वश्रेष्ठ मेंहदी व पांव की सर्वश्रेष्ठ मेंहदी के दो-दो विजेता चुने गए। फाउंडेशन के सचिव संदीप भुतोड़िया ने बताया कि विजेताओं को समारोह में पुरस्कृत करने के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि बुधवार को फाउंडेशन की ओर से राजस्थान के पारंपरिक व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

जनसत्ता, कोलकाता, २९ मार्च २००६

# राजस्थान फाउण्डेशन की मेंहदी प्रतियोगिता



*राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित मेंहदी रचना प्रतियोगिता में प्रतिभागी।* - *विश्वमित्र*

कोलकाता, २८ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउण्डेशन की सप्ताह व्यापी राजस्थान दिवस समारोह के दौरान आज कोलकाता, साल्टलेक, हावड़ा अंचल के विभिन्न जगहों पर सुबह १०.३० बजे से मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में तकरीबन ३५० प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया। मेंहदी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली की सदस्या श्रीमती राजश्री बिहानी ने बताया कि हाथ की सर्वश्रेष्ठ मेंहदी एवं पांव की सर्वश्रेष्ठ मेंहदी के दो-दो विजेता चुने गये। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान की पारम्परिक मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन महानगर के वृहत्तर भागों में पहली बार इस पैमाने पर आयोजित हुआ। फाउण्डेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि इन विजेताओं को समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा एवं सभी प्रतियोगियों को प्रमाणपत्र भी फाउण्डेशन द्वारा प्रदान किया जाएगा। फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि कल फाउण्डेशन द्वारा राजस्थान की पारम्परिक व्यंजनों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

**सप्ताहव्यापी कार्यक्रम**



*हरि मोहन बांगड़*

कोलकाता, २९ मार्च २००६ **दैनिक विश्वमित्र**

23



राजस्थान फाउंडेशन के रविवार सुबह के कार्यक्रम का उद्घाटन करती हुई श्रीमती राजकमल बांगड़ एवं शाम के समारोह का उद्घाटन करते हुए दैनिक भाष्कर के प्रधान संपादक श्री एन के सिंह। चित्र में फाउंडेशन कार्यसमिति सदस्य विश्वम्भर दयाल सुरेका व तिलोकचंद डागा, अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़, कार्यक्रम संयोजक श्री विश्वम्भर नेवर, पश्चिम बंगाल मारवाड़ी सम्मेलन के सचिव श्री घनश्याम शर्मा व फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया। -विश्वमित्र

# राजस्थान सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मरूधारा ने बाजी मारी

कोलकाता, २७ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। ज्ञान मंच में २५ मार्च एवं २६ मार्च को आयोजित आयोजन का प्रमुख आकर्षण यह थ कि पहली बार महानगर की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं ने एक मंच पर आकर हिस्सा लिया। रविवार को प्रात: आयोजित इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन श्रीमती राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। शनिवार सायं को अंतर स्कूल-कॉलेज का भी प्रतियोगिता का आयोजन फाउन्डेशन द्वारा किया गया था।

फाउन्डेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि 'इस प्रकार की संस्थाओं और स्कूलों की दो दिन व्यापी प्रतियोगिता का महानगर में यह पहला आयोजन था।' फाउन्डेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि 'अब फाउन्डेशन प्रति वर्ष राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में इस प्रकार का आयोजन करेगी। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार श्री विश्वम्भर नेवर ने बताया कि 'श्रीमती रेणु राय, श्रीमती अनुपमा शर्मा, श्रीमती हीना गोरसिया एवं श्रीमती सुचन्द्रा भूतोड़िया को इन प्रतियोगिताओं का निर्णायक मनोनीत किया गया था। निर्णायक




कार्यक्रम के दौरान राजस्थानी नृत्य का अभिनव नृत्य। -विश्वमित्र

मंडली के अनुसार संस्थाओं में प्रथम मरूधारा, द्वितीय राजस्थान कला संगम एवं बांगुर एवेन्यू संसद तीसरे स्थान पर रही जबकि स्कूलों में नृत्य में उर्वशी प्रथम एवं माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल दूसरे स्थान पर, राजस्थानी गीतों में माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन क्रमश: प्रथम और द्वितीय एवं राजस्थानी वेश-भूषा के लिए ज्ञान भारती और मारवाड़ी बालिका विद्यालय ने बाजी मारी। निर्णायक मंडली ने अभिनव भारती को विशेष पुरस्कार दिया।

कार्यक्रम अत्याधिक सफल हुआ जिसका श्रेय वंदना अग्रवाल के सशक्त संचालन एवं कुमारी सोमाद्री शर्मा के विशेष सहयोग को है। जयपुर से कई वरिष्ठ पत्रकार एवं सांस्कृतिक जगत के लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। रविवार सायं को प.बंग मारवाड़ी सम्मेलन के सहयोग से राजस्थान फाउन्डेशन द्वारा सुमिता शर्मा का कत्थक नृत्य का आयोजन किया गया था, जिसका उद्घाटन दैनिक भास्कर समूह के प्रधान सम्पादक श्री एन.के. सिंह ने किया। इस अवसर पर फाउन्डेशन के कार्यसमिति के सदस्य श्री विश्वम्भर दयाल सुरेका, श्री दीपचंद नाहटा आदि उपस्थित थे। श्री त्रिलोकचंद डागा ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय भूमिका निभाई। इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जीते गए स्कूल-कॉलेजों को सोमवार २७ मार्च को जी.डी. बिड़ला सभागार में आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम में सम्मानित होना था किन्तु श्री अनिल विश्वास के असामयिक निधन के कारण यह आयोजन स्थगित कर दिया गया। फाउन्डेशन के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि इस सम्मान समारोह का आयोजन अब राज्य के चुनावों के बाद किया जायेगा।

कोलकाता, २८ मार्च २००६ दैनिक विश्वमित्र

# राजस्थानी सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मरुधरा ने बाजी मारी



*( बायें ) ड्रप वादक मुरारीलाल लडानिया के साथ थिरकती एक बाला ( दायें ) राजस्थानी वेशभूषा में एक सामूहिक नृत्य।* फोटो : छपते छपते.

कोलकाता, 27 मार्च। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। ज्ञान मंच में 25 मार्च एवं 26 मार्च को आयोजित आयोजन का एक आकर्षण यह भी था कि इसमें 6 स्कूल एवं 9 सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं के बीच प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। रविवार को प्रात: श्रीमती राजकमल बांगड़ ने इसका विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया।

फाउंडेशन के सचिव श्री संदीप भुतोड़िया ने बताया कि इस प्रकार संस्थाओं और स्कूलों की दो दिन व्यापी प्रतियोगिता का महानगर में यह पहला आयोजन था। अब फाउंडेशन प्रति वर्ष राजस्थान दिवस के उपलक्ष में इस प्रकार का आयोजन करेगी। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार श्री विश्वम्भर नेवर ने बताया कि श्रीमती रेणु राय, श्रीमती अनुपमा शर्मा, श्रीमती हीना गोरसिया एवं श्रीमती सुनन्दा को इन प्रतियोगिताओं का निर्णायक मनोनीत किया गया था। निर्णायक मंडली के अनुसार संस्थाओं में प्रथम मरुधरा, द्वितीय राजस्थान कला संगम एवं बांगुर एवेन्यू संसद तीसरे स्थान पर रही जबकि स्कूलों में नृत्य में उर्वशी प्रथम एवं माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल दूसरे स्थान पर, राजस्थानी गीतों में माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन क्रमश: प्रथम और द्वितीय एवं राजस्थानी वेश-भूषा के लिए ज्ञान भारती और मारवाड़ी बालिका विद्यालय ने बाजी मारी। निर्णायक मंडली ने अभिनव भारती को विशेष पुरस्कार दिया। कार्यक्रम अत्याधिक सफल हुआ जिसका श्रेय वंदना अग्रवाल के सशक्त संचालन एवं कुमारी सोमाद्री शर्मा के विशेष सहयोग को है। जयपुर से भी कई वरिष्ठ पत्रकार एवं सांस्कृतिक जगत के लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

छपते छपते, कोलकाता, मंगलवार, 28 मार्च-2006

# Weeklong gaiety



Raj Kamal Bangur

It was a special weekend for the Rajasthanis in Kolkata. The week long Rajasthan Diwas celebration organised by Rajasthan Foundation, Kolkata started on Saturday with an overwhelming response from the people. Deputy mayor of Kolkata, Kalyan Mukherjee inaugurated the first day event where a number of students from schools and colleges across the city took part. "On Sunday morning members from various organisations participated in the cultural competition. Marudhara won the first position and Rajasthani Kala Sangam bagged the second position," informed HM Bangur, president of the foundation. Raj Kamal Bangur inaugurated the event and in the evening, eminent media personality from Rajasthan, NK Singh inaugurated the cultural performance by Sumeeta Sharma.

We spotted Renu Roy, Anupama Sharma, Heena Gorsia and singer Suchandra in the judge's panel. "Due to the sudden demise of Anil Biswas, we have cancelled Monday's prize distribution and felicitation programme and we will organise this after the state Assembly election. In fact, the dance performance of Rituparna Sengupta will be held on Mar 30 at GD Birla Sabhaghar," stated Sundeep Bhutoria, secretary of the foundation. Biswambhar Newar, convenor of the programme, felt that for the first time in Kolkata, many schools and organisations came onto one platform to make this event a huge success.





Anupama and Renu

CALCUTTA TIMES, THE TIMES OF INDIA

TUESDAY 28 MARCH 2006

# राजस्थान सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मरुधारा ने बाजी मारी

जागरण ब्यूरो, कोलकाता

राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। ज्ञान मंच में 24 मार्च एवं 26 मार्च को आयोजित आयोजन का प्रमुख आकर्षण यह था कि पहली बार महानगर की सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं ने एक मंच पर आकर हिस्सा लिया। रविवार को प्रातः आयोजित इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। शनिवार सायं को अंतर स्कूल-कालेज का भी प्रतियोगिता का आयोजन फाउंडेशन द्वारा किया गया था। फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि इस प्रकार की संस्थाओं और स्कूलों की दो दिन व्यापी प्रतियोगिता का महानगर में यह पहला आयोजन था। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि अब फाउंडेशन प्रति वर्ष राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में इस प्रकार का आयोजन करेगी। कार्यक्रम के संयोजक पत्रकार विश्वंभर नेवर ने बताया कि रेणु राय, अनुपमा शर्मा, हीना गोरसिया एवं सुचंद्रा भूतोड़िया को इन प्रतियोगिताओं का निर्णायक मनोनीत किया गया था।

मंगलवार, 28 मार्च, 2006 दैनिक जागरण

# राजस्थान सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मरुधारा ने बाजी मारी

**कोलकाता, 27 मार्च :** राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया. बीते रविवार को सुबह आयोजित इस सांस्कृतिक प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया. शनिवार की शाम अंतर स्कूल-कॉलेज प्रतियोगिता भी हुई. फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने बताया कि इस तरह का यह पहला आयोजन था. फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि अब फाउंडेशन प्रति वर्ष राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में इस प्रकार का आयोजन करेगी. कार्यक्रम के संयोजक व पत्रकार विश्वंभर नेवर ने बताया कि रेणु राय, अनुपमा शर्मा, हीना गोरसरिया और सुचद्रा भूतोड़िया को इन प्रतियोगिताओं का निर्णायक मनोनीत किया गया था. निर्णायक मंडली के अनुसार संस्थाओं में प्रथम मरुधारा, द्वितीय राजस्थान कला संगम व बांगुर एवेन्यू संसद तीसरे स्थान पर रही.




उद्घाटन समारोह में राजकमल बांगड़, हरिमोहन बांगड़, विश्वंभर नेवर व संदीप भूतोड़िया.

स्कूलों में में नृत्य में उर्वशी इंस्टीच्यूशन प्रथम व माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल दूसरे स्थान पर, राजस्थानी गीतों में माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन क्रमश: प्रथम और द्वितीय व राजस्थानी वेश-भूषा के लिए ज्ञानभारती विद्यालय और मारवाड़ी बालिका विद्यालय ने बाजी मारी. निर्णायक मंडली ने अभिनव भारती को विशेष पुरस्कार दिया गया. संचालन वंदना अग्रवाल ने किया. विशेष सहयोग सोमाद्री शर्मा का रहा. फाउंडेशन के कार्यसमिति के सदस्य विश्वंभर दयाल सुरेका, दीपचंद नाहटा आदि उपस्थित थे. त्रिलोकचंद डागा भी मौजूद थे. सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजयी स्कूल-कॉलेजों को आज जीडी बिरला सभागार में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में सम्मानित होना था, लेकिन अनिल विश्वास के निधन के कारण यह आयोजन स्थगित कर दिया गया. संदीप भूतोड़िया ने बताया कि इस सम्मान समारोह का आयोजन अब विधानसभा चुनाव के बाद होगा.

प्रभात खबर

28 मार्च, मंगलवार, 2006

# धरती धोरां री की गूंज से गूंजा महानगर



*राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के राजस्थान स्थापना दिवस समारोह का उप मेयर कल्याण मुखर्जी दीप जलाकर उद्घाटन करते हुए। साथ में हैं अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, सचिव संदीप भुतोड़िया एवं संयोजक विश्वम्भर नेवर तथा दायें विभिन्न संस्थाओं की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम।* – फोटो : छपते छपते

कोलकाता, 26 मार्च। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा ज्ञानमंच में आयोजित संस्थाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महानगर की 9 प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया। इसमें प्रमुख हैं, मरुधारा, राजस्थान कला संगम, माहेश्वरी महिला समिति, अखिल भारतीय मारवाड़ी समिति इत्यादि ज्ञान मंच के खचाखच भरे सभागार में निर्णायक मंडल में स्पन्दन की रेणु राय एवं श्रीमती अनुपमा शर्मा थी। म्हारो धोरां री, म्हारे देश की आजादी की स्वर लहरियों के साथ महाराणा प्रताप, पन्ना धाय और राजस्थान के लोक गीतों के साथ ऐसा समां बंधा की महानगर में मरुधर की याद ताजा हो गई। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यसमिति के सदस्य तिलोकचंद डागा एवं विश्वम्भर नेवर की अहम भूमिका रही। ताजा टीवी की वंदना अग्रवाल ने कार्यक्रम का सशक्त संचालन किया। फाउंडेशन के सचिव संदीप भुतोड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजयी संस्थाओं को सोमवार शाम 5.30 बजे आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें उदयपुर के महाराज एवं महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ उपस्थित रहेंगे। समारोह का उद्घाटन प. बंगाल विधानसभाध्यक्ष जनाब हासिम अब्दुल हलीम करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे कोलकाता के मेयर विकासरंजन भट्टाचार्य।

इस कार्यक्रम में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महिला मंडल द्वारा ढोला मारू के ऊपर एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया जाएगा। महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रतिभा कोठारी ने बताया कि राजस्थान दिवस पर इस मंचन हेतु मंडल की सदस्याओं में काफी उत्साह है। महानगर की संस्था, कला केंद्र के राजस्थानी कार्यक्रम के साथ-साथ सुप्रसिद्ध गायक विकास शर्मा अपने साथियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

छपते छपते, कोलकाता, सोमवार, 27 मार्च-2006

## कोलकाता डायरी



*राजस्थान फाउंडेशन की ओर से आयोजित समारोह में सुप्रसिद्ध नृत्यांगना सुमिता शर्मा नृत्य प्रस्तुत करती हुई*

# धरती धोरां री की गूंज से गूंजा महानगर

कोलकाता, 26 मार्च (न.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आज ज्ञान मंच में आयोजित एक कार्यक्रम में कोलकाता की 9 प्रमुख संस्थाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली संस्थाओं में मरुधारा, राजस्थान कला संगम, माहेश्वरी महिला समिति और अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति इत्यादि प्रमुख हैं। धरती धोरां री, म्हारे देश की आजादी की स्वर लहरियों के साथ महाराणा प्रताप, पन्ना धाय और राजस्थान के लोक गीतों के साथ ज्ञान मंच के सभागार में ऐसा समां बंधा कि महानगर में मरुधर की याद ताजा हो गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# धरती धोरां री की गूंज से गूंजा महानगर



राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा रविवार सुबह ज्ञान मंच में आयोजित कोलकाता की संस्थाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में महानगर की 9 प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया। इनमें प्रमुख हैं, मरुधारा, राजस्थान कला संगम, माहेश्वरी महिला समिति, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति इत्यादि। ज्ञान मंच के खचाखच भरे सभागार में निर्णायक मंडल में स्पन्दन की रेणु राय एवं श्रीमती अनुपमा शर्मा थीं। धरती धोरां री, म्हारे देश की आजादी की स्वर लहरियों के साथ महाराणा प्रताप, पन्ना धाय और राजस्थान के लोक गीतों के साथ ऐसा समां बंधा कि महानगर में मरुधर की याद ताजा हो गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यसमिति के सदस्य त्रिलोकचंद डागा एवं विश्वम्भर नेवर की अहम भूमिका रही। ताजा टीवी की वंदना अग्रवाल ने कार्यक्रम का सशक्त संचालन किया। फाउण्डेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ एवं सचिव संदीप भुतोड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजयी संस्थाओं को सोमवार शाम 5.30 बजे आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जायेगा, जिसमें उदयपुर के महाराज एवं महाराणा प्रताप के वंशज अरविन्द सिंह मेवाड़ उपस्थित रहेंगे। समारोह का उद्घाटन पश्चिम बंगाल विधानसभाध्यक्ष जनाब हासिम अब्दुल हलीम करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य।

इस कार्यक्रम में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महिला मंडल द्वारा ढोला मारू के ऊपर एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया जायेगा। महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रतिभा कोठारी ने बताया कि राजस्थान दिवस पर इस मंचन हेतु मंडल की सदस्याओं में काफी उत्साह है। महानगर की संस्था, कला केन्द्र के राजस्थानी कार्यक्रम के साथ-साथ सुप्रसिद्ध गायक विकास शर्मा अपने साथियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

'सन्मार्ग' कोलकाता, सोमवार, 27 मार्च, 2006

# राजस्थानी रंगों से रंगा राजस्थान स्थापना दिवस उत्सव

कोलकाता, २६ मार्च (नि सं.)। राजस्थान फाउन्डेशन द्वारा सप्ताह व्यापी सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला का शुभारम्भ कोलकाता नगर निगम के उप-मेयर कल्याण मुखर्जी ने ज्ञानमंच सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि फाउन्डेशन राजस्थानी भाषा और संस्कृति की बहुरंगी छटा का बंगाल में निदर्शन का सांस्कृतिक मेल-बंधन का जो प्रयास कर रहा है, उसके लिए वे हर संभव सहयोग को तत्पर हैं। श्री मुखर्जी ने फाउन्डेशन की गतिविधियों पर संतोष जताते हुए अन्य क्षेत्रों में भी इसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर राजस्थान से प्रकाशित 'अहा जिन्दगी' पत्रिका के संपादक यशवंत व्यास ने भी फाउन्डेशन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में राजस्थानी संस्कृति को बचाए रखने में फाउन्डेशन अहम भूमिका का निर्वाह कर रहा है।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में राजस्थानी पारम्परिक डप्प की सुमधुर ध्वनि के साथ गीतों की फुहार से मुरारी लाल लदानिया और उनके साथियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमती मृदुला कोठारी ने गणेश वंदना की। इसके बाद शुरू हुआ महानगर के विद्यालयों से प्रतियोगिता में भाग लेने आए छात्र-छात्राओं का गीत-

## राजस्थान फाउंडेशन का सप्ताहव्यापी कार्यक्रम



नृत्य व परिधान आधारित कार्यक्रम, जिसने एक ओर तो राजस्थानी रंगों की झड़ी बिखेरी, दूसरी ओर नई पीढ़ी में राजस्थान की संस्कृति के प्रति लगाव का बेमिसाल नजारा पेश किया। कार्यक्रम के संयोजक विश्वम्भर नेवर और फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया के कुशल निर्देशन में पूरा कार्यक्रम लोगों के लिए मनोरंजक ही नहीं ज्ञानवर्धक भी रहा। फाउन्डेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने नई पीढ़ी में राजस्थानी संस्कृति के प्रति लगाव को और बढ़ाने के लिए फाउन्डेशन की ओर से रचनात्मक योजनाएं बनाने का आश्वासन दिया।

दूसरी तरफ महानगर के प्रसिद्ध सिनेमाघरों ऑइनोक्स सिटी सेन्टर एवं ऑइनोक्स फोरम में राजस्थानी चलचित्र 'बाई चली सासरिया' का प्रदर्शन भी प्रारंभ हुआ। प्रथम बार ठेठ राजस्थानी फिल्म देखने के लिए लोगों में काफी उत्सुकता थी। ऑइनोक्स के एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि सुबह में तमिल, तेलगु इत्यादि क्षेत्रीय फिल्म का प्रदर्शन करते हैं लेकिन राजस्थानी फिल्म का प्रदर्शन पहली बार हुआ है तथा जितनी उत्सुकता इस फिल्म को देखने को मिली उतनी पहले किसी अन्य क्षेत्रीय भाषा के फिल्मों के वक्त नहीं देखी गई। राजस्थान फाउन्डेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम हेतु राजस्थान के कई विशिष्ट व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु पहुंच गए हैं। इनमें प्रमुख हैं, राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष वेद व्यास, दैनिक भास्कर समूह के प्रधान सम्पादक एन.के. सिंह, अहा जिंदगी पत्रिका के संपादक यशवंत व्यास तथा हिन्दुस्तान टाइम्स के राजस्थान संस्करण के सम्पादक सी.के. नायडू सम्मिलित हैं।



ज्ञान मंच में आयोजित महानगर के स्कूल, कॉलेजों की प्रतियोगिता कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए कोलकाता नगर निगम के उप-मेयर कल्याण मुखर्जी, राजस्थान फाउन्डेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, कार्यक्रम के संयोजक विश्वम्भर नेवर व फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया

दैनिक विश्वमित्र कोलकाता, २७ मार्च २००६



Rajasthan Foundation Day celebrations get off to a colourful start at Gyan Manch on Sunday. Monday's events have been postponed as tribute to Anil Biswas. Picture by Aranya Sen

METRO THE TELEGRAPH CALCUTTA MONDAY 27 MARCH 2006

## Event cancelled after Anil death

The Rajasthan Foundation, Kolkata, has cancelled its Monday evening's programme at G D Birla Sabhagar due to the death of CPM state secretary Anil Biswas.

TIMES CITY The Times of India, Kolkata
Monday, March 27, 2006

# धरती धोरां री की गूंज ने मरुधर की याद दिलायी

**कोलकाता, 26 मार्च :** राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आज सुबह ज्ञानमंच में महानगर की संस्थाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में महानगर की नौ मुख्य संस्थाओं ने भाग लिया.

इनमें मरुधारा, राजस्थानी महिला संगठन राजस्थान कला संगम, माहेश्वरी महिला समिति, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति आदि ज्ञान मंच के खचाखच भरे सभागार में निर्णायक मंडल में स्पंदन की रेणु राय व अनुपमा शर्मा मौजूद थीं. धरती धोरां री, म्हारे देश की आजादी की स्वर लहरियों के साथ महाराणा प्रताप, पन्ना धाय और राजस्थान के लोक गीतों के साथ ऐसा समां बंधा कि महानगर में मरुधर की याद ताजा हो गयी. कार्यक्रम का उद्घाटन राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यसमिति के सदस्य तिलोकचंद डागा व पत्रकार विश्वंभर नेवर की अहम भूमिका




रही. वंदना अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया. फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोडिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजयी संस्थाओं को पुरस्कृत किया जायेगा. इसमें उदयपुर के महाराज व महाराणा प्रताप के वंशज अरविंद सिंह मेवाड़ उपस्थित रहेंगे. समारोह का औपचारिक उद्घाटन पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम करेंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे कोलकाता नगर निगम के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य. इस कार्यक्रम में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा ढोला मारु पर नृत्य-नाटिका पेश की जायेगी. महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतिभा कोठारी ने बताया कि राजस्थान दिवस पर इस मंचन के सदस्याओं में काफी उत्साह है. महानगर की संस्था, कला केंद्र के राजस्थानी कार्यक्रम के साथ-साथ गायक विकास शर्मा अपने साथियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे.

**कोलकाता**
**सोमवार, 27 मार्च, 2006**

प्रभात खबर

## सुमिता शर्मा ने नृत्य से समां बांधा

कोलकाता, 26 मार्च (कासं)। राजस्थान फाउंडेशन के कोलकाता चैप्टर की ओर से राजस्थान के दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार शाम को सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना सुमिता शर्मा ने 'मारवाड़' नृत्य नाटिका की रोमांचकारी प्रस्तुति से समां बांध दिया। सुमिता शर्मा ने शिव वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कर राजस्थान से जुड़े भावपूर्ण संगीत पर मनमोहक नृत्य पेश किया। कार्यक्रम में प्रख्यात गजल गायक रमेश पारिहार की उपस्थिति में कार्यक्रम और भी रंगीन हो गया। इससे पहले दैनिक भास्कर के संपादक जनक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। मौके पर राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता चैप्टर के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, सचिव संदीप भूतोडिया, पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष विश्वम्भर नेवर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राजस्थान पत्रिका

27 मार्च 2006

## Rajasthan Foundation, Kolkata

(An autonomous body instituted by Govt of Rajasthan)

### Programme Postpone Information

The Programme organised by Rajasthan Foundation, Kolkata.

**"Rajasthan Foundation Day Celebration"**

at G.D. Birla Sabhaghar today, Monday the 27th March '06 at 5.30 P.M. has been postponed due to sad demise of CPI(M) State Secretary **Mr. Anil Biswas.**

**Hari Mohan Bangur**
President

**Sandeep Bhutoria**
Secretary

আনন্দবাজার পত্রিকা কলকাতা সোমবার ২৭ মার্চ ২০০৬ [সাত

## Rajasthan Foundation, Kolkata

(An autonomous body instituted by Govt of Rajasthan)

### Programme Postpone Information

The Programme organised by Rajasthan Foundation, Kolkata.

**"Rajasthan Foundation Day Celebration"**

at G.D. Birla Sabhaghar today, Monday the 27th March '06 at 5.30 P.M. has been postponed due to sad demise of CPI(M) State Secretary **Mr. Anil Biswas.**

**Hari Mohan Bangur**
President

**Sandeep Bhutoria**
Secretary

গণশক্তি ২৭শে মার্চ, সোমবার, ২০০৬ (ছয়)



# ... प्यारो-प्यारो राजस्थान, मरुधर वाळो राजस्थान

नीरज श्रीवास्तव

कोलकाता। *'म्हारे देश की आजादी पर कुर्बान, प्यारो-प्यारो राजस्थान, मरुधर वालो राजस्थान।'* जैसे ही राजस्थानी भाषा और संस्कृति से लबरेज गाने के बोल दर्शकों के कानों में गूंजे तो उपस्थित श्रोता एक बारगी राजस्थान के रंग में रंग गए। गीत के साथ राजस्थान की वेशभूषा और अभिनय ने पूरे ज्ञान मंच सभागार को मिनी राजस्थान बना दिया। अवसर था राजस्थान दिवस पर आयोजित राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से एक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का। प्रतियोगिता में कोलकाता की प्रवासी राजस्थानियों के महिला संगठनों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती अनुपमा शर्मा और श्रीमती रेणुका राय थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, प्रधान सचिव संदीप भूतोड़िया, संयोजक किशन नेवर और राजस्थान परिषद के महामंत्री अरुण प्रकाश मल्लावत व अन्य वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित थे। राजस्थानी गीत कला संगम को नृत्य व गीत प्रस्तुति से शुरु हुआ कार्यक्रम कुछ ही देर में राजस्थान की संस्कृति में रच बस गया। राजस्थान के राजकवि द्वारा लिखे गीत 'आ... तो सुगना ने.... धरती धोरा री' को आवाज दी सत्यजीत ने। गाने की एक-एक लाइन में वीरों की गाथा और साहस का परिचय था। सरदार शहर परिषद की ओर से 'चूड़ी चमके रे, म्हारो जियरा भड़के' गीत पर नृत्य ने राजस्थान की वीरांगनाओं की विरह व्यथा पर ध्यान केन्द्रित किया। राजस्थान गीत कला संगम, अखिल भारत वर्षीय मारवाड़ी महिला समिति, वृहत्तर कोलकाता, प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन, अर्चना, मरुधरा, बांगड़ी एवेन्यू संसद, संघ श्री, सरदार शहर परिषद, राजस्थानी महिला संगठन के सदस्यों ने परिवार समेत कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में वीरों की गाथाएं ही नहीं गोरियों के नखरे, देवर भाभी की नोंकझोंक, श्रृंगार और मनुहार पर आधारित गीत और नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।



मृदुला के गाए 'मेहंदी रा माड़णा साहिबा मोरिया जी' गीत में राजस्थानी सुहागिनों में मेंहदी की परंपरा और उसका महत्व छुपा था। मंच पर विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से लगभग 100 लोगों ने गीत और नृत्यों की प्रस्तुति दी।

धरती धोरा री, मरुधर वालो राजस्थान, और रंग दे रे म्हाने औजू रंग दे आदि गीतों में राज्य के प्रत्येक क्षेत्र की झांकी थी।

प्रवासी राजस्थानियों ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाराजा प्रताप, पन्ना धाय को याद कर लोक गीतों के साथ ऐसा समा बांधा की महानगर में मरुधर की याद ताजा हो आई। प्रतियोगिता में जीतने वाली संस्थाओं को 27 मार्च सोमवार की शाम आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें उदयपुर राजघराने के महाराज एवं महाराणा प्रताप के वंशज अरविन्द सिंह मेवाड़ उपस्थित रहेंगे।

समारोह का उद्घाटन पश्चिम बंगाल के विधानसभाध्यक्ष जनाब हशिम अब्दुल और मुख्य अतिथि कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य होंगे। इस कार्यक्रम के अंत में एक महिला मंडल की ओर से ढोला मारू पर आधारित एक नृत्य नाटिका भी होगी।

तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। कार्यक्रम के दौरान ऐसा लगा जैसे क्या बीकानेर, क्या उदयपुर। सभी क्षेत्रों की संस्कृति और भाषा का मिला जुला रूप राजस्थान फाउंडेशन के इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बखूबी था।

# धरती धोरां री की गूंज से गूंजा महानगर

कोलकाता, २६ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा रविवार सुबह ज्ञान मंच में आयोजित कोलकाता की संस्थाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महानगर की ९ प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया। इसमें प्रमुख हैं, मरुधारा, राजस्थान कला संगम, माहेश्वरी महिला, समिति, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति इत्यादि ज्ञान मंच के खचाखच भरे सभागार में निर्णायक मंडल में स्पन्दन की रेणु राय एवं श्रीमती अनुपमा शर्मा थी। धरती धोरां रीं, म्हारे देश की आजादी की स्वर लहरियों के साथ महाराणा प्रताप, पन्ना धाय और राजस्थान के लोक गीतों के साथ ऐसा समां बंधा की महानगर में मरुधर की याद ताजा हो गई। कार्यक्रम कका उद्घाटन श्रीमती राजकमल बांगड़ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यसमिति के सदस्य त्रिलोकचंद डागा एवं विश्वम्भर नेवर की अहम भूमिका रही। ताजा टीवी की संदना अग्रवाल ने कार्यक्रम का सशक्त संचालन किया। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजयी संस्थाओं को सोमवार शाम ५.३० बजे आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा, जिसमें उदयपुर के महाराज एवं महाराणा प्रताप के वंशज अरविन्द सिंह मेवाड़ उपस्थित रहेंगे। समारोह का उद्घाटन पं. बंगाल विधानसभाध्यक्ष जनाब हाशिम अब्दुल हालिम करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य।

इस कार्यक्रम में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महिला मंडल द्वारा ढोला मारू के ऊपर एक नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया जायेगा। महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती प्रतिभा कोठारी ने बताया कि राजस्थान दिवस पर इस मंचन हेतु मंडल की सदस्याओं में काफी उत्साह है। महानगर की संस्था, कला केन्द्र के राजस्थानी कार्यक्रम के साथ-साथ सुप्रसिद्ध गायक विकास शर्मा अपने साथियों के साथ सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

कोलकाता, २७ मार्च २००६ दैनिक विश्वमित्र



**Gyan Manch** On March 26 at 6 pm, Rajasthan Foundation Kolkata Chapter presents a dance drama on Kathak by Sumeeta Sharma. This programme is a part of the *Rajasthan Divas*, a five day celebration

SUNDAY 26 MARCH 2006 CALCUTTA TIMES, THE TIMES OF INDIA

# राजस्थान दिवस कार्यक्रमों की शुरुआत

कोलकाता, 25 मार्च (न.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन चैप्टर की तरफ से आयोजित राजस्थान दिवस का उद्घाटन उप मेयर कल्याण मुखर्जी ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर राजस्थानी गीत, नृत्य, संगीत की मनोहारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कोलकाता महानगर के प्रतिष्ठित स्कूलों ने हिस्सा लिया। उप मेयर कल्याण मुखर्जी ने आश्वस्त किया की आने वाले दिनों में वे इस तरह के कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। संस्था के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने लोगों का स्वागत किया। इस दौरान विशंभर नेवर, संदीप भूतोड़िया आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर राजस्थान का विशेष कार्यक्रम डफ और पनिहारन के गीतों ने राजस्थान के माहौल को जीवंत कर दिया।

मारवाड़ी में गणेश वन्दना की प्रस्तुति मृदुला कोठारी ने की। इसके बाद मारवाड़ी बालिका विद्यालय, माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, अभिनव भारती, हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स, ज्ञान भारती व उर्वशी इन्स्टीट्यूट स्कूलों ने अपनी प्रस्तुतियां पेश की। ये प्रस्तुतियों में एकल राजस्थानी लोक गीत, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य व साज-सज्जा पर केन्द्रित थीं। इस प्रतियोगिता की निर्णायक थी हिना गोरसिया व सुचेन्दा। बच्चों की मनोहारी प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। वन्दना ने कार्यक्रम का संचालन किया।



*राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता चैप्टर की ओर से आयोजित समारोह में नृत्य पेश करतीं बालिकाएं*

'सन्मार्ग' कोलकाता, रविवार, 26 मार्च 2006

# सुमिता शर्मा का राजस्थान दिवस पर शास्त्रीय कार्यक्रम

कोलकाता, 25 मार्च। राजस्थान सरकार द्वारा गठित स्वायत्त संस्था राजस्थान फाउंडेशन का कोलकाता अध्याय, पं. बंगाल एवं मरुधार प्रदेश के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम कर रहा है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में फाउंडेशन ने कोलकाता में सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की शृंखला तैयार की है।

राजस्थान देश का ऐसा प्रदेश है जहां उसकी जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा रोजगार की तलाश में बाहर चला गया है। वैसे तो राजस्थानी देश-विदेश के कोने-कोने में फैल गए हैं पर उनका सबसे बड़ा खूंटा कोलकाता में गड़ा। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने विज्ञप्ति में कहा है कि कला संबंधों एवं कला के प्रति आदर भाव को बनाये रखने के लिए राजस्थान फाउंडेशन, राजस्थानी की स्थापना जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की जो शृंखला आयोजित कर रही है उसकी एक सशक्त कड़ी है, सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना सुमिता शर्मा द्वारा नृत्य नाट्य जिसमें राजस्थान का मांड (केसरियो बालम) आदि का मंतव्य है। पं. बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन तथा राजस्थान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष श्री विश्वम्भर नेवर ने कहा कि इस तरह के कत्थक नृत्य का आयोजन महानगर में पहली बार हो रहा है।

राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के कार्यकारिणी समिति के सदस्य हारटेक्स रबर के बी. डी. सुरेश जैन सांस्कृतिक संसद के अध्यक्ष तिलोकचंद डागा, रूपा के पी. आर. अग्रवाल, पैटन टैंक के हरिप्रसाद बुधिया, ईमामी लिमिटेड के आर. एस. अग्रवाल इत्यादि कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय हैं। कार्यक्रम का आयोजन श्री सीमेंट के सौजन्य से किया गया है।

छपते छपते, कोलकाता, रविवार, 26 मार्च-2006

# सुमिता शर्मा का राजस्थान दिवस पर शास्त्रीय कार्यक्रम

कोलकाता, २५ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान सरकार द्वारा गठित स्वायत्त संस्था राजस्थान फाउंडेशन का कोलकाता अध्याय, पं. बंगाल एवं मरुधार प्रदेश के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम कर रहा है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में फाउंडेशन ने कोलकाता में सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की शृंखला तैयार की है।

**राजस्थान फाउंडेशन का सप्ताहव्यापी रंगारंग कार्यक्रम**

राजस्थान देश का ऐसा प्रदेश है जहां उसकी जनसंख्या का एक बहुत बड़ा हिस्सा रोजगार की तलाश में बाहर चला गया है। वैसे तो राजस्थानी देश-विदेश के कोने-कोने में फैल गए हैं पर उनका सबसे बड़ा खूंटा कोलकाता में गड़ा। कोलकाता का सांस्कृतिक परिवेश राजस्थानियों को भा गया क्योंकि पं. बंगाल एवं राजस्थान दोनों सांस्कृतिक दृष्टि से उन्नत प्रदेश हैं। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि कला संबंधों एवं कला के प्रति आदर भाव को बनाये रखने के लिए राजस्थान फाउंडेशन, राजस्थान की स्थापना जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की जो शृंखला आयोजित कर रही है उसकी एक सशक्त कड़ी है, सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना सुमिता शर्मा द्वारा नृत्य नाट्य जिसमें राजस्थान का मांड (केसरिया बालम) आदि का मंचन है। कलकत्ता एवं देश के अन्य स्थानों पर अपनी नृत्य शैली एवं भाव भंगिमा से सुमिता शर्मा ने घंटों तक अपने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। ज्ञात हो कि सुमिता शर्मा जयपुर घराने की नृत्यांगना हैं। पं. बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन तथा राजस्थान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष श्री विश्वम्भर नेवर ने कहा कि इस तरह के कत्थक नृत्य का आयोजन महानगर में पहली बार हो रहा है।



सुमिता शर्मा



हरिप्रसाद बुधिया, राधेश्याम अग्रवाल, प्रह्लाद राय अग्रवाल, तिलोकचंद डागा व विश्वम्भर नेवर

राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के कार्यकारिणी समिति के सदस्य हारटेम्स रबर के बी.डी. सुरेका, जैन सांस्कृतिक संसद के अध्यक्ष त्रिलोकचंद डागा, रूपा के पी.आर. अग्रवाल, पैटन टैंक के हरिप्रसाद बुधिया, ईमामी लिमिटेड के आर.एस. अग्रवाल इत्यादि कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री सीमेंट के सौजन्य से किया गया है।

कोलकाता, २६ मार्च २००६ दैनिक विश्वमित्र

# सुमिता शर्मा का राजस्थान दिवस पर शास्त्रीय कार्यक्रम



राजस्थान फाउंडेशन के कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कोलकाता नगरनिगम के उपमेयर कल्याण मुखर्जी व संदीप भूतोड़िया। पत्रिका

कोलकाता, 25 मार्च (वि.)। राजस्थान सरकार द्वारा गठित स्वायत्त संस्था राजस्थान फाउन्डेशन का कोलकाता अध्याय पं. बंगाल एवं मरुधार प्रदेश के बीच सांस्कृतिक सेतु का काम कर रहा है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में फाउन्डेशन ने कोलकाता में सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की है। कोलकाता का सांस्कृतिक परिवेश राजस्थानियों को भा गया, क्योंकि पं. बंगाल एवं राजस्थान दोनों सांस्कृतिक दृष्टि से उन्नत प्रदेश है। फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि कला संबंधी एवं कला के प्रति आदर भाव को बनाए रखने के लिए राजस्थान फाउन्डेशन, राजस्थान की स्थापना जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों की जो श्रृंखला आयोजित कर रही है उसकी एक सशक्त कड़ी है, कत्थक नृत्यांगना सुमिता शर्मा द्वारा नृत्य नाट्य जिसमें राजस्थान का मांड (केसरियो बालम) आदि का मंचन है। ज्ञात हो कि सुमिता शर्मा जयपुर घराने की नृत्यांगना हैं।

पं बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन तथा राजस्थान फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए सम्मेलन के अध्यक्ष विश्वम्भर नेवर ने कहा कि इस तरह के कत्थक नृत्य का आयोजन महानगर में पहली बार हो रहा है। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता के कार्यकारिणी समिति के सदस्य हारटेक्स रबर के बी.डी. सुरेका, जैन सांस्कृतिक संसद के अध्यक्ष त्रिलोकचंद डागा, रूपा के पी.आर. अग्रवाल, पैटन टैक के हरिप्रसाद बुधिया, ईमामी लिमिटेड के आर.एस. अग्रवाल इत्यादि कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन श्री सीमेंट के सौजन्य से किया गया है।

## सेठिया के हिन्दी समग्र का लोकार्पण

कोलकाता, 25 मार्च (वि.)। कोलकाता में राजस्थानियों की प्रतिनिधि संस्था राजस्थान परिषद मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मोहनलाल तुलस्यान की अध्यक्षता राजस्थान दिवस समारोह मनाया जाएगा। इस वर्ष अंग्रेजी एवं भारतीय तिथि दोनों एक ही दिन पड़ रही है। समारोह में प्रधान अतिथि राजस्थान के भाजपा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चिंतक तथा पूर्व सांसद डॉ. महेश चन्द्र शर्मा एवं विशिष्ट वक्ता ताजा टीवी. चैनल के निदेशक एवं वरिष्ठ पत्रकार विश्वम्भर नेवर तथा राजस्थान पत्रिका के संचालक गुलाब कोठारी उपस्थित रहेंगे। परिषद के महामंत्री अरुण प्रकाश मल्लावत ने बताया कि समारोह में परिषद की ओर से प्रकाशित महाकवि पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया की प्रथम दस हिन्दी पुस्तकों को समाविष्ट करता हुआ कन्हैयालाल सेठिया समग्र (हिन्दी-1) ग्रन्थ का भी लोकार्पण होगा। राजस्थानी भाषा का यह प्रथम समग्र प्रकाशित हुआ था। उनकी बाकी 8 हिन्दी एवं 2 उर्दू की पुस्तकों का समग्र (हिन्दी-2) ग्रंथ भी शीघ्र ही प्रकाशित होगा। इन तीन खण्डों में सेठिया का सम्पूर्ण साहित्य समाविष्ट रहेगी। प्रतिवर्ष की भांति परिषद की वार्षिक स्मारिका भी इस अवसर पर लोकार्पित होगी।

राजस्थान पत्रिका | कोलकाता | 26 मार्च 2006

# राजस्थानी नृत्य-गीत में डूबा महानगर

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में ज्ञानमंच में *मरुधर म्हारो देस* की गूंज



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते उपमेयर कल्याण मुखर्जी. साथ में हैं संदीप भूतोड़िया, हरिमोहन बांगड़ व विश्वंभर नेवर. तसवीर अदिति साहा की.



रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं.

संतोष आर्य

**कोलकाता, 25 मार्च :** *मरुधर म्हारो देस, म्हाने प्यारो लगे जी...* जैसे मनमोहक राजस्थानी गीतों के साथ राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता की ओर से आज अंतरविद्यालय गीत, नृत्य व संगीत प्रतियोगिता शुरू हुई. कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़, सचिव संदीप भूतोड़िया व पत्रकार विश्वंभर नेवर ने अतिथियों का स्वागत किया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कोलकाता नगर निगम के उपमेयर कल्याण मुखर्जी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित शृंखलाबद्ध कार्यक्रम सफल होंगे. भविष्य में भी कोलकाता नगर निगम की ओर से संस्था को हर तरह का सहयोग मिलता रहेगा. इस अवसर पर आयोजित अंतरविद्यालय प्रतियोगिता में



कार्यक्रम पेश करती बाल कलाकार जया शर्मा.

मारवाड़ी बालिका विद्यालय, माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, अभिनव भारती स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स, ज्ञानभारती विद्यालय व उर्वशी इंस्टीच्यूट की छात्राओं ने अपने मनमोहक नृत्य-संगीत से दर्शकों का मन मोह लिया. हरेक गीत नृत्य पर लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से आयोजन स्थल ज्ञानमंच गूंज उठा. मौके पर राजस्थान से आये कलाकारों ने भी दर्शकों को राजस्थानी मिट्टी की सोंधी महक से भरपूर संगीत पर परंपरागत वाद्य के थाप से रस-विभोर कर दिया. इसमें विजयी विद्यालय को पुरस्कृत किया जायेगा. मौके पर राजस्थान से आये पत्रकार यशवंत व्यास ने कलाकारों को बधाई दी. कार्यक्रम में जज के रूप में हीना गोरसिया व सुचंदा भूतोड़िया उपस्थित थीं.

प्रभात खबर रविवार, 26 मार्च, 2006

# 'बाई चाली सासरिया' का कोलकाता में पहली बार प्रदर्शन



सुचन्द्रा हीना गोरसिया रेणू राय अनुपमा शर्मा



हरिमोहन बांगड़

कोलकाता, २४ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान सरकार की स्वायत्त संस्था राजस्थान फाउण्डेशन द्वारा कोलकाता में सप्ताह व्यापी राजस्थानी कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के विभिन्न रियासतों को मिलाकर राजस्थान प्रदेश का निर्माण ३० मार्च १९५० को किया गया था। यह एक ऐतिहासिक घटना थी और आज भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

कार्यक्रमों की शृंखला की पहली कड़ी में २५ मार्च को सायं ६ बजे ज्ञान मंच प्रेक्षागृह में राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या में दस शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा में गीत, संगीत, नृत्य आदि का कार्यक्रम पेश करेंगे। अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। २६ मार्च को प्रातः महानगर की नामी-गिरामी संस्थाओं द्वारा परंपरागत राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। इसकी जानकारी देते हुए फाउण्डेशन के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ ने कहा कि सप्ताह व्यापी कार्यक्रमों की शुरुआत २५ मार्च को ज्ञानमंच में लोकगीत, नृत्य व संगीत प्रतियोगिता से होगी। समारोह का उद्घाटन कोलकाता के उप-मेयर कल्याण मुखर्जी करेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजन का भार फाउण्डेशन के सदस्य विश्वम्भर नेवर को दिया गया है। संस्था के सचिव संदीप भूतोड़िया ने बताया कि, प्रतियोगिता के निर्णायकों में सुप्रसिद्ध गायिका सुचन्द्रा, कलकत्ता पुलिस कमिश्नर की पत्नी सुतापा मुखर्जी, अनुपमा शर्मा, भवानीपुर सोसाइटी की हीना गोरसिया एवं स्पन्दन की रेणु राय आदि हैं।

राजस्थान फाउण्डेशन के सदस्य रूपा के प्रह्लाद राय अग्रवाल व पैंटन टैंक के हरिप्रसाद बुधिया ने यह जानकारी दी कि इस अनूठे कार्यक्रम में माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, मारवाड़ी बालिका विद्यालय, अभिनव भारती स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स, ज्ञान भारती विद्यालय, उर्वशी इत्यादि शैक्षणिक संस्थाएं भाग ले रही हैं। सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं में मरूधारा, सरदार शहर परिषद, वृहत्तर कोलकाता माहेश्वरी महिला संगठन, ऑल इंडिया मारवाड़ी महिला समिति, राजस्थानी महिला संगठन, अर्चना, संघश्री, बांगुर एवेन्यू संसद व राजस्थान गीत कला संगम इत्यादि भाग ले रही हैं।

कार्यकारिणी समिति के सदस्य श्री त्रिलोकचन्द डागा ने बताया कि कोलकाता में पहली बार राजस्थानी फिल्म 'बाई चली सासरिया' का प्रदर्शन आइनोक्स सिटी सेन्टर तथा फोरम में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सहयोग से किया जा रहा है।

दैनिक विश्वमित्र २५ मार्च २००६

# Gala Celebrations


Renu


Anupama

The much awaited Rajasthan Diwas celebration is starting from today and on the first day, the Kolkata chapter of Foundation is organising the cultural competitions today at Gyan Manch. "We have got singer **Suchandra**, **Sutapa Mukherjee**, wife of Kolkata police commissioner, **Anupama Sharma** and **Renu Roy** of Spandan who will be judging the competitions," said **Sundeep Bhutoria**, secretary of the foundation. The event will be inaugurated by the deputy mayor of Kolkata, **Kalyan Mukherjee**. **HM Bangur**, president, and Sundeep Bhutoria, secretary of the Foundation, Kolkata chapter, will be present. The prize distribution ceremony will be on March 27. Among the various schools participating are Maheshwari Girls School, Marwari Balika Vidyalaya, Abhinav Bharti School, Howrah Siksha Sadan for Girls, Gyan Bharti Vidyalaya and Urvashi Institute. The cultural forums taking part are Marudhara, Sardar Shahar Parishad, Vrihattar Kolkata Maheshwari Mahila Sangathan, All India Marwari Mahila Samity, Rajasthani Mahila Sangathan, Archana, Sangh Shree, Bangur Avenue Sansad and Rajasthan Geet Kala Sangam. **Bishambhar Newar** says, "For the first time Kolkata's educational institutions and cultural forums are coming together."


Heena

CALCUTTA TIMES, 25, MARCH 2006

# राजस्थान दिवस समारोह आज से

## सप्ताह भर चलेंगे कई कार्यक्रम

**कोलकाता, 24 मार्च :** महानगर की जानी-मानी संस्था राजस्थान फाउंडेशन के कोलकाता चैप्टर द्वारा आयोजित राजस्थान दिवस समारोह कल से शुरू हो रहा है. यह समारोह 30 मार्च तक चलेगा. इस दौरान संस्था की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. कल राजस्थानी गीत, नृत्य और संगीत की मनोहारी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा. इन प्रतियोगिताओं में कोलकाता की नामी-गिरामी संस्थाएं भाग लेंगी. इनमें मारवाड़ी बालिका विद्यालय, माहेश्वरी गर्ल्स स्कूल, अभिनव भारती स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स, ज्ञान भारती विद्यालय और उर्वशी इंस्टीच्यूट जैसी संस्थाएं शामिल हैं. कार्यक्रम का आयोजन शाम छह बजे प्रिटोरिया स्ट्रीट के ज्ञानमंच में किया जायेगा. वहीं, 26 मार्च की सुबह 10 बजे से इसी तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें राजस्थानी महिला संगठन, राजस्थान गीत कला संगम, वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला समिति, सप्तश्री, मरुधारा, अर्चना बांगड़ एवेन्यू संसद और सरदारशहर परिषद जैसी संस्थाएं भाग लेंगी. 26 मार्च को ही राजस्थान दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की शृंखला में सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना सुमीता शर्मा द्वारा मरवण नृत्य नाटिका, रंगीला शंभू गौरा ले पधारो मांड (केसरिया बालम), ठुमरी व भजन की मनोहारी प्रस्तुति होगी. इस कार्यक्रम का उद्घाटन असम के राज्यपाल अजय सिंह करेंगे. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह उपस्थित रहेंगे.



इसी शृंखला में 27 मार्च को परिचर्चा और सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा. यह कार्यक्रम शाम 5.30 बजे से जीडी बिरला सभागार में होगा. इसका उद्घाटन पश्चिम बंगाल के राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी करेंगे. इस अवसर पर असम के राज्यपाल अजय सिंह, मध्यप्रदेश के राज्यपाल बलराम जाखड़, गुजरात के राज्यपाल नवल किशोर शर्मा, पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष हाशिम अब्दुल हलीम, कोलकाता के मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य और महाराणा प्रताप के वंशज उदयपुर के महाराजा अरविंद सिंह मेवाड़ समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे. इस अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक विकास शर्मा, जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा. वहीं, कार्यक्रम के अंतिम दिन 30 मार्च को राजस्थानी लोक नृत्य और गायन का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. इसमें सुचंद्रा के गानों पर लोग झूमेंगे और रितुपर्णा सेन गुप्ता व ट्रूप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे. यह कार्यक्रम शाम सात बजे से जीडी बिरला सभागार में आयोजित किया जायेगा.

प्रभात खबर २५ मार्च २००६

# 'बाई चाली सासरिया' का कोलकाता में प्रदर्शन

कोलकाता, 24 मार्च (वि)। राजस्थान सरकार की स्वायत्त संस्था राजस्थान फाउंडेशन की ओर से कोलकाता में सप्ताह व्यापी राजस्थानी कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के विभिन्न रियासतों को मिलाकर राजस्थान प्रदेश का निर्माण 30 मार्च 1950 को किया गया था। यह एक ऐतिहासिक घटना थी और आज भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य है।

कार्यक्रमों की श्रृंखला की पहली कड़ी 25 मार्च को सायं 6 बजे ज्ञानमंच प्रेक्षागृह में राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या में दस शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राएं परम्परागत राजस्थानी वेशभूषा में गीत, संगीत, नृत्य आदि का कार्यक्रम पेश करेंगे। अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। 26 मार्च को प्रातः महानगर की संस्थाओं द्वारा परम्परागत राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

राजस्थान पत्रिका २५ मार्च २००६

## राजस्थान दिवस समारोह

कोलकाता, 24 मार्च (न.प्र.)। राजस्थान सरकार की स्वायत्त संस्था राजस्थान फाउंडेशन द्वारा कल से सप्ताहव्यापी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत स्थानीय ज्ञानमंच में होगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान की विभिन्न रियासतों को मिलाकर राजस्थान प्रदेश का निर्माण 30 मार्च 1950 में किया गया था। फाउंडेशन द्वारा राजस्थान की स्थापना से जुड़े राजस्थान दिवस के आयोजन के अवसर पर इस बार खास राजस्थानी फिल्म बाई चली सासरिया का भी प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञान मंच में कल से शुरू हो रही कार्यक्रमों की पहली श्रृंखला के तहत दस शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्रायें परम्परागत राजस्थानी वेशभूषा में गीत, संगीत नृत्य आदि के कार्यक्रम पेश करेंगे।

सन्मार्ग २५ मार्च २००६

46

## राजस्थानी फिल्म 'बाई चाली सासरिया' का प्रदर्शन ३० को

कोलकाता, २४ मार्च (जनसत्ता)। राजस्थान फाउंडेशन की ओर से राजस्थान दिवस के मौके पर सप्ताहव्यापी रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्था के सचिव संदीप भूतोड़िया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत २५ मार्च को ज्ञान मंच में आयोजित कार्यक्रम से होगी और ३० मार्च को आइनोक्स और फोरम में राजस्थानी फिल्म 'बाई चाली सासरिया' के प्रदर्शन से समापन होगा।

जनसत्ता २५ मार्च २००६

## राजस्थान पाउंडेशन

# बिमान बोस होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि

कोलकाता, 23 मार्च। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता द्वारा सप्ताह व्यापी सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला के आखिरी दिन 30 मार्च को वाममोर्चा के चेयरमैन व माकपा के कार्यकारी राज्य सचिव विमान बोस मुख्य अतिथि होंगे। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन राजस्थानी गीतों की समां बांधेंगे प्रख्यात नायिका सुचन्द्रा और राजस्थानी लोकप्रिय धुनों व गीतों पर अपने साथियों के साथ नृत्य पेश करेंगी बांग्ला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता। अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता ने इस आयोजन से उत्साहित होकर कहा कि इससे बांग्ला और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की एक नई परंपरा का विकास होगा।



ज्ञात हो कि इस दिन सुचन्द्रा 'धरती धोरारी', 'सुनो जी अर्ज म्हारी', 'थारा सिली सिली', 'केशरिया बालम' जैसे गीतों की प्रस्तुति करेंगी एवं 'पल्ली लटके', 'होली में उडे रे गुलाल', 'नटखट तेरी अदा/ढोलना/म्हारे हिवडे में' व घूमर पर ऋतुपर्णा व साथी कलाकारों द्वारा नृत्य पेश किया जाएगा। इस आयोजन में अनामिका कला संगम और संस्कृति सागर सहयोगी संस्था है।

कार्यक्रम से उत्साहित होकर ऋतुपर्णा सेनगुप्ता ने बताया, 'मुझे राजस्थानी संगीत का उत्साह तथा विविधता हमेशा आकर्षित करता रहा है। यह मेरा पहला राजस्थानी कार्यक्रम है इसलिए मैं गौरान्वित और रोमांचित दोनों ही अनुभव कर रही हूं। कार्यक्रम को करने को बहुत उत्सुक हूं।'

सुचन्द्रा ने बताया कि 'मैं बंगाली हूं लेकिन मेरी शादी राजस्थानी से हुई है। बंगाल और राजस्थान के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेतु कार्य का मैं सबसे अच्छा उदाहरण हूं।'

कार्यकारिणी समिति के सदस्य तिलोकचंद डागा एवं विश्वम्भर नेवर से जानकारी मिली कि ऋतुपर्णा सेनगुप्ता का यह प्रथम राजस्थानी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम हेतु लोगों में उत्सुकता के कारण आमंत्रण पत्र की भारी मांग है। इसलिए आमंत्रण पत्र का वितरण प्राथमिकता के आधार पर ही किया जाएगा।

छपते छपते २४ मार्च २००६

# विमान बोस होंगे मुख्य अतिथि

कोलकाता, 23 मार्च (वि.)। राजस्थान फाउन्डेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताह व्यापी सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के आखिरी दिन 30 मार्च को वाममोर्चा के चेयरमैन व माकपा के कार्यकारी राज्य सचिव विमान बोस मुख्य अतिथि होंगे। फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोडिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन राजस्थानी गीतों की समां बांधेगी प्रख्यात गायिका सुचन्द्रा और राजस्थानी लोकप्रिय धुनों व गीतों पर अपने साथियों के साथ नृत्य पेश करेगी बांग्ला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेन गुप्ता।

राजस्थान पत्रिका २४ मार्च २००६

## विमान बोस होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि

कोलकाता, 23 मार्च (न. प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताहव्यापी सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला के समापन समारोह का आयोजन 30 मार्च को होगा। इस मौके पर वाममोर्चा के चेयरमैन व माकपा के कार्यकारी प्रदेश सचिव विमान बोस मुख्य अतिथि होंगे। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समापन समारोह के दिन प्रख्यात गायिका सुचन्द्रा राजस्थानी गीत प्रस्तुत करेंगी जबकि बंगला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता राजस्थानी लोकप्रिय धुनों व गीतों पर अपने साथियों के साथ नृत्य पेश करेंगी।

*सन्मार्ग २४ मार्च २००६*

# विमान होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि



कोलकाता, 23 मार्च : राजस्थान फाउंडेशन के सप्ताहव्यापी सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला के आखिरी दिन 30 मार्च को वाममोरचा के चेयरमैन व माकपा के कार्यकारी राज्य सचिव विमान बोस मुख्य अतिथि होंगे. फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि उस दिन राजस्थानी गीतों की समां बांधेगी प्रख्यात गायिका सुचंद्रा और राजस्थानी लोकप्रिय धुनों व गीतों पर अपने साथियों के साथ नृत्य पेश



करेंगी बांग्ला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता. सेनगुप्ता ने इस आयोजन से उत्साहित होकर कहा कि इससे बांग्ला और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक परंपरा का विकास होगा. ज्ञात हो कि इस दिन सुचंद्रा धरती धोरारी, सुनो जी अर्ज म्हारी, थारा सिली सिली, के शरिया बालम; जैसे गीतों की प्रस्तुति करेंगी व पल्लो लटके, होली में उड़े रे गुलाल, नटखट तेरी अदा, ढोलना, म्हारे हिवड़े में व घूमर पर ऋतुपर्णा व साथी कलाकारों द्वारा नृत्य पेश किया जायेगा.



इस आयोजन में अनामिका कला संगम और संस्कृति सागर सहयोगी संस्था है. कार्यक्रम 27 मार्च से आरंभ होगा.

*प्रभात खबर २४ मार्च २००६*

## राजस्थानी गीतों पर थिरकेंगी ऋतुपर्णा

जनसत्ता संवाददाता

कोलकाता, २३ मार्च। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताहव्यापी सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के आखिरी दिन ३० मार्च को राजस्थानी गीतों की समां बांधेगी प्रख्यात गायिका सुचंद्रा और राजस्थानी लोकप्रिय धुनों व गीतों पर अपने साथियों के साथ नृत्य पेश करेंगी बांग्ला फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता। वाममोर्चा के अध्यक्ष विमान बोस बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। यह जानकारी फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने दी है। इस आयोजन में अनामिका कला संगम और संस्कृति सागर सहयोगी संस्था की भूमिका अदा करेंगी।

जनसता २४ मार्च २००६

# विमान बोस होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि



कोलकाता, २३ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउण्डेशन, कोलकाता द्वारा सप्ताह व्यापी सामाजिक-

## राजस्थान फाउण्डेशन का सप्ताह व्यापी कार्यक्रम

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला के आखिरी दिन ३० मार्च को वाममोर्चा के चेयरमैन व माकपा के कार्यकारी राज्य सचिव विमान बोस मुख्य अतिथि होंगे। फाउण्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन राजस्थानी गीतों की समां बांधेंगी प्रख्यात गायिका सुचन्द्रा और राजस्थानी लोकप्रिय धुनों व गीतों पर अपने साथियों के साथ नृत्य पेश करेंगी बंगाली फिल्मों की मशहूर अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता। अभिनेत्री ऋतुपर्णा सेनगुप्ता ने इस आयोजन से उत्साहित होकर कहा कि इससे बंगाल और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान की एक नई परम्परा का विकास होगा। ज्ञात हो कि सुचन्द्रा 'धरती धोरां री', 'सुनो जी अर्ज म्हारी', 'थारा मिली मिली', 'केसरिया बालम' जैसे गीतों की प्रस्तुति करेंगी एवं 'पल्लो लटके', 'हिवड़े में उड़े रे गुलाल',



'नटखट नैनो/ओढ़ना/म्हारे हिवड़े में' व धुमर पर ऋतुपर्णा व साथी कलाकारों द्वारा नृत्य पेश किया जायेगा। इस आयोजन में अनामिका कला संगम और संस्कृति सागर सहयोगी संस्था है। कार्यक्रम से उत्साहित होकर ऋतुपर्णा सेनगुप्ता ने बताया, 'मुझे राजस्थानी संगीत का उत्साह तथा विविधता हमेशा आकर्षित करता रहा है। यह मेरा पहला राजस्थानी कार्यक्रम है इसलिए मैं गौरवान्वित और रोमांचित दोनों ही अनुभव कर रही हूं। कार्यक्रम को करने को बहुत उत्सुक हूं।' सुचन्द्रा ने बताया कि 'मैं बंगाली हूं लेकिन मेरी शादी राजस्थानी से हुई है। बंगाल और राजस्थान के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेतु कार्य का मैं सबसे अच्छा उदाहरण हूं।



कार्यकारिणी समिति के सदस्य त्रिलोकचंद डागा एवं विश्वम्भर नेवर से जानकारी मिली कि ऋतुपर्णा सेनगुप्ता का यह प्रथम राजस्थानी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम हेतु लोगों में उत्सुकता के कारण आमंत्रण पत्र की भारी मांग है। इसलिए आमंत्रण पत्र का वितरण प्राथमिकता के आधार पर ही किया जाएगा।

दैनिक विश्वमित्र २४ मार्च २००६

# राजस्थान फाउंडेशन का वार्षिक पुरस्कार समारोह २६ मार्च को

## श्यामानंद जालान को प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार



श्यामानंद जालान

कोलकाता, २२ मार्च (नि.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता का आगामी २७ मार्च को आयोजित होने वाला वार्षिक पुरस्कार समारोह महानगर में रह रहे राजस्थानियों के लिए इस बार कुछ खास होने वाला है। फाउंडेशन के कोलकाता चैप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोड़िया ने बताया कि जी. डी. बिड़ला सभागार में आयोजित होने वाले इस भव्य समारोह में विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र के साथ महाराणा प्रताप की मूर्ति व चांदी के पात्र में हल्दीघाटी की मिट्टी दी जाएगी। यह मिट्टी राजस्थानियों के लिए सबसे पवित्र चीज है और इसे भेंटकर हम इस पुरस्कार समारोह को कुछ खास बनाना चाहते हैं।



पुष्करलाल केडिया शारदा फतेहपुरिया अनुराधा हिम्मतसिंहका

श्री भूतोड़िया ने सूचित किया कि १,००,००० रु. मूल्यवर्ग्री प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार इस साल संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री श्यामानंद जालान को दिया जाएगा। जबकि पन्ना धाय पुरस्कार सत्कार्यों में जुटी शारदा फतेहपुरिया को मिलेगा। श्री पुष्करलाल केडिया को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए तख्तमल जैन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इकोनॉमी टाइम्स की सुश्री अनुराधा हिम्मतसिंहका को मरुधारा गौरव पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। फाउंडेशन की चयन समिति की अध्यक्ष डा. प्रभा खेतान का मानना है कि पुरस्कार पाने वाले लोग अपने पेशेवर उत्कृष्टता के माध्यम से अपने राज्य एवं देश की पूरी तत्परता एवं कर्मनिष्ठा से सेवा कर रहे हैं। इन पुरस्कारों के जरिये उनके इन्हीं सद्प्रयासों को मान्यता प्रदान की जा रही है।



डा. प्रभा खेतान



मधु नेवटिया

उन्होंने आगे कहा कि हम उनके लिए काफी सम्मान महसूस कर रहे हैं और राजस्थानी को उनपर काफी गर्व हो रहा होगा। डा. खेतान के अलावा चयन समिति में श्री आर. एस. गोयनका, श्री संजय बुधिया, श्री मोहनलाल तुलस्यान, श्रीमती मधु नेवटिया और श्री के. वी. अग्रवाल जैसे गणमान्य व्यक्ति शामिल हैं।

श्रीमती मधु नेवटिया ने कहा कि मैं चयन समिति की सदस्य बनकर काफी खुश हूं और सम्मानित महसूस कर रही हूं।

राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हरिमोहन बांगड़ ने कहा कि कोलकाता में उनके संगठन की तरफ से राजस्थान की कला, संस्कृति, सभ्यता, संगीत व परंपराओं को कायम रखने की हर संभव कोशिशें की जा रही हैं।

पुरस्कार समारोह में सुप्रसिद्ध राजस्थानी गायक विकास शर्मा अपना गायन प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महिला मंडल द्वारा 'ढोला मारू' पर आधारित नाटिका का मंचन भी किया जायगा। फाउण्डेशन के सक्रिय सदस्य श्री तिलोक चंद डागा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

कोलकाता, २३ मार्च २००६

दैनिक विश्वमित्र

54

# राजस्थान फाउंडेशन का कार्यक्रम 27 मार्च को

## विशेष महत्व का होगा इस बार का पुरस्कार समारोह

सभा-संस्था

कोलकाता, 22 मार्च (वि)। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता की ओर से प्रस्तावित वार्षिक पुरस्कार समारोह इस बार विशेष महत्व का होगा। यह जानकारी देते हुए फाउन्डेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने कहा कि इस बार पुरस्कार में प्रमाण पत्र, महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ चांदी के पात्र में हल्दीघाटी की पवित्र मिट्टी प्रदान की जाएगी। 27 मार्च को जी.डी. बिड़ला सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार एक लाख रुपए का प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामानन्द जालान को दिया जाएगा। सामाजिक कार्यों में लम्बे अरसे से जुड़ी शारदा फतेहपुरिया को पन्ना धाय पुरस्कार के लिए चुना गया है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए पुष्कर लाल केडिया को तख्तमल जैन सम्मान से नवाजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मरुधारा गौरव पुरस्कार इकोनॉमिक टाइम्स की अनुराधा हिम्मत सिंह को प्रदान किया जाएगा।

चयन समिति की अध्यक्षता डॉ. प्रभा खेतान के अनुसार चयनित सभी लंबे अरसे से अपनी प्रतिभा और दक्षता से देश और समाज की सेवा करते रहे हैं। यह पुरस्कार उनके प्रयासों को सम्मान देने का माध्यम भर है। इस चयन समिति में डॉ. खेतान के अलावा आर. एस. गोयनका, संजय बुधिया, मोहनलाल तुलस्यान, के.सी. अग्रवाल, मधु नेवटिया और अन्य हैं। राजस्थान फाउंडेशन, कोलकाता के अध्यक्ष हरिमोहन बांगड़ के अनुसार फाउंडेशन का उद्देश्य इस महानगर के लोगों में राजस्थानी कला, संस्कृति, साहित्य के प्रति लगाव बढ़ाना है और अब तक फाउंडेशन को अपने इस उद्देश्य में लोगों का सकारात्मक सहयोग मिला है। इस समारोह में सुप्रसिद्ध राजस्थानी गायक विकास शर्मा अपना गायन प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महिला मंडल द्वारा 'ढोला मारू' पर आधारित नाटिका का मंचन भी किया जाएगा।

राजस्थान पत्रिका | कोलकाता

गुरुवार | 23 मार्च 2006

## पुरस्कार वितरण

कोलकाता, २२ मार्च (जनसत्ता)। राजस्थान फाउंडेशन की ओर से आगामी २७ मार्च को जीडी बिड़ला सभागार में आयोजित होने वाला पुरस्कार वितरण समारोह इस बार विशेष महत्व का होगा। फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि इस बार पुरस्कार में प्रमाणपत्र, महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ चांदी के पात्र में हल्दीघाटी की पवित्र मिट्टी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार एक लाख रुपए का प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामानंद जालान को दिया जाएगा। शारदा फतेहपुरिया को पन्नालाल धाय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। पुष्करलाल केडिया को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

२ जनसत्ता, कोलकाता, २३ मार्च २००६

## राजस्थान फाउंडेशन का पुरस्कार समारोह 27 को

कोलकाता, 22 मार्च (न.प्र.)। राजस्थान फाउंडेशन कोलकाता का वार्षिक पुरस्कार समारोह आगामी 27 मार्च को जीडी बिड़ला सभागार में आयोजित है। यह जानकारी आज फाउंडेशन के सचिव संदीप भूतोड़िया ने यहां दी। इस बार पुरस्कार में प्रमाणपत्र, महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ चांदी के पात्र में हल्दीघाटी की पवित्र मिट्टी भी प्रदान की जायेगी।

इस बार एक लाख रुपये का प्रवासी प्रतिभा पुरस्कार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष श्यामानंद जालान को दिया जाएगा। सामाजिक कार्यों से लम्बे समय से जुड़ी शारदा फतेहपुरिया को पन्ना धाय पुरस्कार के लिये चुना गया है। स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिये तख्तमल जैन सम्मान पुष्कर लाल केडिया को प्रदान किया जाएगा। मरुधारा गौरव पुरस्कार इकोनॉमी टाइम्स की अनुराधा हिम्मतसिंहका को दिया जाएगा।

'सन्मार्ग' कोलकाता, गुरुवार, 23 मार्च 2006

# राजस्थान फाउंडेशन करेगा प्रतिभाओं का सम्मान

